RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-158 जयपुर, शनिवार, 06 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

### अमेरिकी सख्ती के बीच राष्ट्रपति पुतिन की दो टूक

## भारत को ईंधन की सप्लाई निर्बाध जारी रहेगी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हैदराबाद हाउस में बैठक की। 23वें भारत रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद दोनों देशों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि पीएम मोदी के साथ डिनर पर मेरी बातचीत हमारी रणनीतिक साझेदारी के लिए बहुत मददगार रही। पीएम मोदी और मैंने एक करीबी वर्किंग डायलॉग बनाया है।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मेरे प्यारे दोस्त पीएम मोदी और भारत के लोगों को रूसी प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद देता हूं। पुतिन ने आगे कहा- हम एसईओ बैठक के दौरान मिले थे, और हम व्यक्तिगत तौर पर रूस-भारत डायलॉग की देखरेख कर रहे हैं।

### भारत को ईंधन की आपूर्ति करता रहेगा रूस

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आपका शुक्रिया। बातचीत सकारात्मक और मैत्रीपूर्ण माहौल में हुई। मेरे और प्रधानमंत्री मोदी के बीच नियमित तौर पर फोन पर बातचीत होती रहती है। हम भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति के लिए सभी तरह के ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार हैं। रूस भारत के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के निर्माण में भी मदद कर रहा है। दोनों देश भुगतान के निराकरण के लिए धीरे-धीरे अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्रा के इस्तेमाल की ओर भी बढ़ रहे हैं। हम सालाना द्विपक्षीय कारोबार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की आशा रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज दोनों देशों के नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, टूर ऑपरेटर्स के लिए नए व्यवसाय के अवसर खुलेंगे और रोजगार के नए रास्ते बनेंगे।

मोदी ने कहा कि आज भारत और रूस इनोवेशन, को-प्रोडक्शन और को-क्रिएशन की नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता की भलाई सुनिश्चित करना है। इसके लिए वैश्विक चुनौतियों के स्थायी समाधान विकसित करने होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आइए, मेक इन इंडिया करें, भारत के साथ साझेदारी करें और मिलकर दुनिया के लिए कुछ बड़ा बनाएं।'



### ऊर्जा क्षेत्र में हमारी साझेदारी बहुत सफल है- पुतिन

पुतिन ने कहा- प्रधानमंत्री ने हमें उन चुनौतियों की एक सूची दी है जिन पर दोनों सरकारों को ध्यान देना चाहिए और हम उन पर काम करेंगे, जिससे भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बनने से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश धीरे-धीरे अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार की ओर बढ़ रहे हैं, और अभी 96% लेनदेन इसी तरह हो रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में हमारी साझेदारी बहुत सफल है। तेल, गैस, कोयला और भारत की ऊर्जा जरूरतों से जुड़ी हर चीज की सप्लाई स्थिर है।



### पुतिन बोले- भारत को हथियार देते रहेंगे

इस दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि पिछले करीब 50 साल से रूस भारतीय सेना को हथियार देने और उसे आधुनिक बनाने में मदद करता आ रहा है। चाहे वह रक्षा बल हो, विमानन हो या नौसेना। कुल मिलाकर, जिन बातचीत को हमने अभी पूरा किया है, उनके नतीजों से हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि यह दौरा और यहां हुए समझौते भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे, इससे दोनों देशों जनता को फायदा मिलेगा।

## डीएमके सांसद के हाईकोर्ट जज को 'आरएसएस जज' करने पर हंगामा

### किरेन रिजिजू बोले- न्यायपालिका को बदनाम करने की आपकी हिम्मत कैसे हुई

नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में शुक्रवार को तमिलनाडु से डीएमके सांसद टीआर बालू और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के बीच तीखी बहस हुई। सांसद ने एक मुद्दे पर बोलते हुए एक हाईकोर्ट के जज को 'आरएसएस जज' कह दिया। किरेन रिजिजू ने इस पर तुरंत आपत्ति जताई। रिजिजू ने कहा- आप एक जज को आरएसएस का जज कैसे कह सकते हैं। यह संसद की मर्यादा का उल्लंघन है। आप एक जज के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आप माफी मांगिए। न्यायपालिका पर कलंक लगाने की आपकी हिम्मत कैसे हुई।

इधर, राज्यसभा में विपक्ष ने इंडिगो में स्टाफ की कमी के चलते देश भर में फ्लाइट ऑपरेशन ठप होने के मुद्दे पर केंद्र से जवाब मांगा। रिजिजू ने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू हालात की समीक्षा कर रहे हैं। केंद्र इंडिगो की क्या मदद कर सकता है, इसका आकलन किया जा रहा है।

प्रियंका गांधी ने सदन के बाहर कहा कि इंडिगो की समस्या सरकार के मोनोपोली मॉडल के कारण हुई है।



सरकार ने देश की ज्यादातर चीजें चंद लोगों के हाथ में दे दी है। यह सही नहीं है। यह अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र और देश के लिए अच्छा नहीं है। इससे पहले राहुल ने एक्स पर कहा- इंडिगो की विफलता इस सरकार के मोनोपोली मॉडल की कीमत है।

**वक्फ रजिस्ट्रेशनः रिजिजू बोले- समय सीमा नहीं बढ़ेगी, 1.51 लाख संपत्तियां दर्ज, बाकी ट्रिब्यूनल जाएं**

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को वक्फ संपत्तियों के UMEED पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कोशिश करने लेकिन पूरी न कर पाने वालों को अगले तीन महीने कोई जुर्माना या सख्त कार्रवाई नहीं होगी। शुक्रवार सुबह तक 1.51 लाख वक्फ संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज हो चुकी हैं। रिजिजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने समय बढ़ाने से साफ मना कर दिया है। कर्नाटक ने सबसे अच्छा काम किया जहां करीब 50,000 संपत्तियां दर्ज हुईं। पंजाब और जम्मू-कश्मीर ने भी ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन कई बड़े राज्यों में देरी हुई। कुछ जगह पोर्टल धीमा चला और कागजातों की कमी रही।

केंद्र ने 6 जून 2025 को UMEED पोर्टल शुरू किया था ताकि सभी वक्फ संपत्तियों का डिजिटल ब्योरा बने। कानून के मुताबिक छह महीने में रजिस्ट्रेशन जरूरी था, जो आज खत्म हो गया।

## कोहली के लगातार दो शतकों के बाद फैंस में जबरदस्त उत्साह

विशाखापत्तनम

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का फॉर्म सिर्फ बोलता ही नहीं, बल्कि टिकट काउंटर पर भी असर दिखाता है। मौजूदा भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज में कोहली की लगातार दो शतक लगाने के बाद विशाखापत्तनम में होने वाले तीसरे और निर्णायक मुकाबले के टिकट कुछ ही मिनटों में बिक गए। कोहली ने पहले मैच में 120 गेंदों पर 135 रन की शानदार पारी खेली थी और फिर दूसरे वनडे में 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर अपने आलोचकों और विरोधियों को जवाब दे दिया। उनकी इस शानदार वापसी ने न सिर्फ टीम को मजबूती दी है, बल्कि भारतीय क्रिकेट फैंस में एक बार फिर वही पुराना उत्साह जगा दिया है कि किंग इज बैक!

## हम नहीं चाहते एआई न्यायिक प्रक्रिया पर हावी हो-सीजेआई

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के बेहिसाब इस्तेमाल पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा- हमें न्यायपालिका में एआई और एमएल टूल्स के बुरे असर की जानकारी है, लेकिन इन मुद्दों को न्यायिक निर्देशों के बजाय प्रशासनिक स्तर पर निपटाया जा सकता है। याचिका कार्तिकेय रावल ने दाखिल की। उन्होंने एआई जनरेटेड कंटेंट और न्यायिक प्रोसेस में इसके गलत उपयोग से वाले खतरों से सुरक्षा की मांग की थी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइंस एंड टेक्नोलॉजी का एक पार्ट है। इसमें मशीनों में इंसानों की तरह सोचने-समझने, सीखने और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित की जाती है। एआई मशीनें या टूल्स इंटरनेट पर मौजूद डेटा के आधार पर आउटपुट देते हैं।

कंप्यूटर साइंटिस्ट एलन ट्यूरिंग ने वर्ष 1950 में भविष्यवाणी की थी कि 'कुछ दशकों के भीतर कंप्यूटर मानव मस्तिष्क की नकल करेंगे।' आज एआई के रूप में हम उस भविष्यवाणी को सच साबित होते हुए देख सकते हैं। एआई आज हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। यह टेक्नोलॉजी हमारे सोचने-समझने व निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित कर रही है।

## प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली

रिटायर्ड ब्रूस अधिकारी नवनीत सहगल ने प्रसार भारती के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले साल मार्च में उन्हें प्रसार भारती का चेयरमैन बनाया गया था। सूत्रों के अनुसार उन्होंने 2 दिसंबर को इस्तीफा दिया है। इनका तीन साल का कार्यकाल था लेकिन कार्यकाल पूरा होने से पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया। उधर, आइटी मंत्रालय ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। सहगल 1988 बैच के यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। एक चैनल के इंटरव्यू में सहगल ने कहा था, प्रोफेशन से तो मैं चार्टेड अकाउंटेंट था लेकिन फिर मैंने पब्लिक सर्विस में जाना चुना। क्योंकि मुझे लगता था कि पब्लिक सर्विस में आप लोगों की मदद के साथ उनके सामाजिक बदलाव पर भी काम कर सकते हो।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- मंदिर का चढ़ावा भगवान की संपत्तिःबैंक इसे लौटाए

### अपनी आर्थिक हालत सुधारने में इस्तेमाल न करे

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है और इका उपयोग किसी को-ऑपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट केरल के को-ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था, जिसमें बैंकों ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। स्ट ने ये याचिकाएं खारिज कर दीं।

हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि बैंक तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को एफडी की रकम दो महीने के भीतर लौटाएं।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की। सीजेआई ने बैंकों के वकीलों से पूछा- क्या आप मंदिर का पैसा बैंक बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं?

कोर्ट ने कहा- यह धन सुरक्षित और भरोसेमंद राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाना चाहिए, जहां मंदिर को ज्यादा ब्याज भी मिले। बैंक पैसा लौटाने का समय सीमा ब ढ़ाने के लिए हाईकोर्ट से अनुरोध कर सकते हैं।

### मंदिर ने एफडी की रकम वापस मांगी थी

केरल के तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम ने 2025 में स्थानीय कोऑपरेटिव बैंकों से फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम वापस मांगी थी। बैंकों ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। मंदिर ट्रस्ट का कहना था कि यह राशि मंदिर के कामकाज और रखरखाव के लिए जरूरी है, इसलिए एफडी तोड़कर तुरंत पैसा चाहिए।

मंदिर का आरोप था कि बैंक न तो एफडी बंद कर रहे थे और न ही रकम वापस कर रहे। आखिरकार मंदिर ने मामला केरल हाईकोर्ट में उठाया। हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड देखने के बाद माना कि बैंक बिना किसी वैध कारण के मंदिर ट्रस्ट की जमा राशि रोक रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि बैंक दो महीने के भीतर तिरुनेल्ली देवस्वम का पूरा पैसा वापस लौटाएं।

## पान मसाला-सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा

### इसका इस्तेमाल नेशनल सिक्योरिटी में होगा, जिससे कारगिल जैसे हालात में बजट कम ना हो

नई दिल्ली

सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80% ऑथराइज़्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए।

वित्त मंत्री ने बिल पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बिल से प्राप्त राजस्व को विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा पान मसाला इकाइयों पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी लगाया जाएगा।




### हनुमान बेनीवाल बोले- सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं, उन पर रोक लगाएं

हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज पीएमएलए में देखने को मिले थे।

### 2009 में एसिड अटैक हुआ, केस 16 साल से पेंडिंग

## सुप्रीम कोर्ट बोला- ये राष्ट्रीय शर्म

### सभी हाईकोर्ट से पेंडिंग केसों का ब्योरा मांगा

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसिड अटैक के मामलों की सुनवाई सालों तक अदालत में पेंडिंग रहने पर हैरानी जताई। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में 2009 के केस में 16 साल बाद अब तक ट्रायल चलने को कोर्ट ने राष्ट्रीय शर्म बताया।

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के सभी हाईकोर्ट को ऐसे पेंडिंग मामलों का ब्योरा 4 हफ्ते में जमा करने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने इन मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए स्पेशल कोर्ट बनाने पर चर्चा की। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि संसद या अध्यादेश के जरिए कानून संशोधन करें, ताकि जिंदा बची पीड़िताएं दिव्यांग की परिभाषा में जुड़कर कल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठा सकें।

बेंच ने एसिड अटैक सर्वाइवर शाहीना मलिक की जनहित याचिका पर केंद्र और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को भी नोटिस जारी किए। याचिका में मांग की गई है कि पीड़िताओं को दिव्यांग के रूप में वर्गीकृत किया जाए।

### देशभर में 844 एसिड अटैक केस लंबित हैं

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक विभिन्न अदालतों में एसिड अटैक से जुड़े 844 केस लंबित हैं। 2025 में जारी रिपोर्ट में ये आंकड़े वर्ष 2023 तक के हैं। एनसीआरबी के मुताबिक देश में 2021 के बाद से एसिड अटैक के मामले लगातार बढ़े हैं।

फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में एसिड अटैक के सालाना 250 से 300 केस दर्ज होते हैं। असल संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। कई मामले डर, सामाजिक दबाव और कानूनी झंझटों के कारण रिपोर्ट नहीं किए जाते। रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश में 2018 से 2023 तक एसिड अटैक के 52 केस दर्ज हुए हैं।1

### 2013 तक कोई कार्रवाई नहीं हुई

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि सरकार इस मुद्दे को पूरी गंभीरता के साथ देखेगी। याचिकाकर्ता मलिक ने कोर्ट को बताया कि उन पर 2009 में हमला हुआ था। ट्रायल अब अंतिम सुनवाई के चरण में है। 2013 तक केस में कुछ नहीं हुआ।

## हाईकोर्ट का मुर्शिदाबाद बाबरी मस्जिद विवाद पर दखल से इनकार

कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट में शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में बनने वाले बाबरी मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम पर दखल देने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा- इस दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

हाईकोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कल यानी 6 दिसंबर को निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हुमायूं ने कहा- कोर्ट के फैसले से याचिकाकर्ताओं को उचित जवाब मिला। बाबरी बनाने का ऐलान करने की वजह से टीएमसी ने गुरुवार को हुमायूं को सस्पेंड कर दिया था। इस बीच आज हुमायूं अपने समर्थकों के साथ मुर्शिदाबाद के बोल्डंगा ब्लॉक -1 पहुंचे। यहां कल मस्जिद का शिलान्यास होना है।

## 4 दिन में 1200 से अधिक फ्लाइट रद्द, पायलट का वीकली रेस्ट नियम वापस

### एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात, दूसरी फ्लाइट्स का किराया दोगुना

नई दिल्ली/बेंगलुरु/मुंबई

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दोगुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। बुकिंग साइट स्ड्डद्मद्गस्र्व'ह्लद्ब्रश्च के अनुसार, 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपए से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हैं। दरअसल इंडिगो शुक्रवार को लगातार चौथे दिन क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। इसके कारण दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट पर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यात्री 24-24 घंटे से फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री पानी, खाना और जरूरी सामानों के लिए स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों से बहस करते और झगड़ा करते देखे गए।



### अब फ्लाइट क्रू को 48 नहीं, 36 घंटे ही रेस्ट मिलेगा

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इंडिगो का दावा है कि इस नियम की वजह से पायलटों और अन्य स्टाफ की कमी हुई थी और पूरा ऑपरेशन प्रभावित हुआ। इसे दुरुस्त करने समय लगेगा। ष्ठत्रष्ट ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियम, फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन का दूसरा फेज लागू किया था। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ था। एफडीटीएल के दूसरे फेज के नियमों में, एयरलाइन कंपनियों के लिए पायलटों को हफ्ते में 48 घंटे आराम, यानी दो दिनों का वीकली रेस्ट देना अनिवार्य कर दिया था। इस दौरान किसी छुट्टी को वीकली रेस्ट गिनने पर रोक लगा दी थी। डीजीसीए ने पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के लगातार नाइट शिफ्ट पर भी पाबंदी लगाई थी। नए नियमों में वीकली रेस्ट और छुट्टियों को अलग-अलग मानने का प्रावधान था। यह नियम पायलटों और अन्य क्रू के थकान को कम करने के लिए बनाया गया था। हालांकि, अब क्रू को पहले की तरह हर हफ्ते में लगातार 36 घंटे का आराम मिलेगा।

## लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई

### 20 साल में 20 लाख के लोन पर करीब 74 हजार का फायदा

नई दिल्ली

आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो जाएंगे। मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी। आरबीआई ने रेपो रेट को 0.25% घटाकर 5.25% कर दिया है। इस कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 3 से 5 दिसंबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसंबर को इसकी जानकारी दी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। यानी, आने वाले दिनों में होम और ऑटो जैसे लोन 0.25% तक सस्ते हो जाएंगे। ताजा कटौती के बाद 20 साल के 20 लाख के लोन पर ईएमआई 310 रुपए तक घट जाएगी। इसी तरह 30 लाख के लोन पर ईएमआई 465 रुपए तक घट जाएगी। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा।

## तेज रफ्तार कार हाईवे पर ट्रक में घुसी, चार डॉक्टरों की हुई दर्दनाक मौत

अमरोहा (एजेंसी)। यूपी के अमरोहा जिले के रजबपुर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार खड़े हुए ट्रक से टकराने के कारण चार चिकित्सकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बीती देर रात करीब साढ़े 10 बजे अतरासी इलाके के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रक के नीचे फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कटर से कार को काटकर शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के निवासी आयुष शर्मा, श्रेष्ठ पंचोली, कोलकाता के निवासी अर्नब चक्रवर्ती और त्रिपुरा के रहने वाले सप्तऋषि के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

## एसिड अटैक मामले में 16 साल बाद भी ट्रायल... अत्याधिक देरी पर भड़के सीजेआई

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2009 के एसिड अटैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल में अत्यधिक देरी पर चिंता व्यक्त कर कड़ा रुख अपनाया है। साल 2009 में एक महिला पर हुए एसिड अटैक का मामला, जिसका ट्रायल 16 साल बाद भी (खबर के अनुसार) चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी (दिल्ली) इसतरह के मामलों को हैंडल नहीं कर सकती है, तब कौन करेगा। उन्होंने शर्म की बात और सिस्टम का मज़ाक बताया। बेंच (सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची) ने सभी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से एसिड अटैक केस में लंबित ट्रायल का डेटा चार हफ़्तों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने बताया कि ट्रायल अब दिल्ली के रोहिणी में अंतिम सुनवाई के चरण में है। वह अपने केस के साथ-साथ अन्य एसिड अटैक सर्वाइवर्स की मदद भी कर रही हैं। सीजेआई ने याचिकाकर्ता को ट्रायल में तेजी लाने के लिए आवेदन दायर करने और मामले की सुनवाई रोज़ाना करने को कहा। याचिकाकर्ता ने एसिड अटैक सर्वाइवर्स की बुरी हालत (जैसे एसिड पीने को मजबूर होना, आर्टिफिशियल फीडिंग ट्यूब पर निर्भरता) का जिक्र किया और उन्हें दिव्यांगों की कैटेगरी में रखने की मांग की, ताकि उन्हें वेलफेयर स्कीम्स का लाभ मिल सके। बेंच ने केंद्र से इस अर्जी पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल से चल रहे एसिड अटैक ट्रायल की धीमी गति पर न्यायिक व्यवस्था की कड़ी आलोचना की है और देश भर के हाई कोर्ट से लंबित मामलों का डेटा मांगा है, साथ ही पीड़ितों को दिव्यांग कैटेगरी में शामिल करने की मांग पर केंद्र से जवाब मांगा है।

## धर्मेंद्र की संपत्ति को लेकर चर्चा, सनी ने कहा... सभी बच्चों को उनकी संपत्ति में समान अधिका

मुंबई (एजेंसी)। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर 2025 को उनके मुंबई स्थित घर पर निधन हो गया था। उनकी अनुमानित संपत्ति जो कि करीब 450 करोड़ रुपये है, जिसमें फार्महाउस, बंगला, स्टूडियो, प्रोडक्शन हाउस, रेस्टोरेंट और अन्य निवेश शामिल हैं। इसके बंटवारे को लेकर चर्चा जोरों पर है। बालीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने दो शादिया की थी इसके बाद उनके दो परिवार है। पहली पत्नी प्रकाश कौर से अभिनेता सनी देओल, बॉबी देओल, बहन अजीता और विजेता। जबकि दूसरी पत्नी हेमा मालिनी से ईशा और अहाना देओल शामिल है। इसके अलावा उनके 13 नाती-पोते भी हैं। बात दें कि हेमा और उनकी बेटियों का धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में शामिल न होना, परिवार के भीतर संभावित मतभेदों की खबरों को हवा देता है। साथ ही, हेमा मालिनी के 45 साल की शादी में पहली पत्नी वाले घर कभी न जाने का ज़िक्र है, जिसके कारण अंतिम समय में वे धर्मेंद्र से नहीं मिल पाईं। लेकिन परिवार के एक करीबी सूत्र के अनुसार, सनी देओल ने स्पष्ट किया है कि धर्मेंद्र के सभी बच्चों को उनकी संपत्ति में समान अधिकार प्राप्त होगा। सनी का कहना है कि वे किसी भी हालत में ईशा और अहाना के हिस्से को नुकसान नहीं पहुंचने देने वाले है। उन्होंने कहा कि यह धर्मेंद्र की भी आखिरी इच्छा थी। संपत्ति के बंटवारे को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। अब यह देखना होगा कि उनकी इच्छा और सनी देओल के आश्वासन के अनुरूप विरासत को न्यायपूर्ण तरीके से कैसे विभाजित किया जाता है।

## 800 करोड़ के ऑनलाइन सट्टेबाजी धोखाधड़ी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। सूरत पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने 800 करोड़ के ऑनलाइन सट्टेबाजी धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों को मुंबई हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जतिन ठक्कर उर्फ जॉन रैपर (27) और दीपकुमार ठक्कर (24) को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने इसके पहले सूरत के कतारगाम इलाके में छापेमारी कर मीत शाह, यश शिंदे, ऋषिकेश सपकाल, नीलेश सोलंकी और परेशकुमार मोदी को ऑनलाइन सट्टेबाजी पोर्टल या मंच के जरिए लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर 149 बैंक खातों का उपयोग कर रहे थे और इन खातों के संबंध में पूरे भारत में 417 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। जतिन और दीपकुमार के फरार होने पर सूरत पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था।

## भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और हथियार खरीदने के आरोप में 5 को आजीवन कारावास

कोलकाता(एजेंसी)। कोलकाता की एक कोर्ट ने जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश के पांच सदस्यों को जिनमें से दो बांग्लादेशी नागरिक हैं, भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इस उद्देश्य के लिए हथियार खरीदने का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादी समूह जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के कार्यकर्ता भारत के कई राज्यों में बम विस्फोट जैसी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने सितंबर 2016 में पश्चिम बंगाल और असम से छह आरोपियों को विस्फोटक, आईईडी, भारत में विस्फोट करने की उनकी योजना के दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया था। सिटी सत्र अदालत के विशेष न्यायाधीश रोहन सिन्हा ने छह आरोपियों में से पांच को दोषी करार दिया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने बांग्लादेशी नागरिकों अनवर हुसैन फारुक और मोहम्मद रुबेल, पश्चिम बंगाल के बर्धमान निवासी मौलाना यूसुफ एस के और असम निवासियों मोहम्मद साहिदुल इस्लाम और जबीरुल इस्लाम को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। छठे आरोपी बर्धमान निवासी अब्दुल कलाम को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

# वायु प्रदूषण पर बोलीं सोनिया गांधी- मुझ जैसे बुजुर्गों को हो रही परेशानी, कुछ करना सरकार की जिम्मेदारी

### -संसद परिसर में विपक्ष ने किया जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार वायु गुणवत्ता बिगड़ी हुई और इसे लेकर आज यहां संसद परिसर में विपक्ष ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। विपक्षी सांसदों ने मकर द्वार के सामने मास्क, पोस्टर और स्लोगन के साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से त्वरित और ठोस कदम उठाने की मांग की। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री सोनियां गांधी भी शरीक हुईं और वायु प्रदूषण के लिए सरकार को घेरा।




यहां सोनिया गांधी ने कहा, कि वायु प्रदूषण के कारण छोटे बच्चे परेशान हैं, मुझ जैसे बुजुर्गों को परेशानी हो रही। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रदर्शन में शामिल होते हुए कहा, कुछ करना सरकार की ज़िम्मेदारी है। छोटे बच्चे परेशान हैं, और मेरे जैसे बुज़ुर्ग लोगों के लिए भी यह मुश्किल है। सरकार को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। संसद परिसर में विपक्ष के सांसदों ने मास्क और स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। वहीं सोनिया गांधी के बयान को विपक्ष की उस बढ़ती नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है, जो दिल्ली की विषाक्त हवा और केंद्रीय व राज्य सरकारों की निष्क्रियता पर केंद्रित है।

इसी बीच वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, कि आखिर किस मौसम का मजा लें? खासतौर पर तब जबकि लोग सांस तक ठीक से नहीं ले पा रहे हों। उन्होंने कहा, बाहर देखिए क्या स्थिति बनी हुई है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे हैं। हर साल स्थिति बिगड़ती जा रही है, हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। हमने सरकार से कहा है कि कार्रवाई करे, हम उसके साथ खड़े हैं। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। उन्होंने वायु गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट बताया और इसे संसद में शीर्ष प्राथमिकता से उठाने की आवश्यकता दोहराई।

#### स्थगन प्रस्ताव दिया

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बताया, कि उन्होंने सदन में काम रोको प्रस्ताव दिया है। उनके अनुसार, दिल्ली में एक्यूआई 400 है, लोग बुरी स्थिति में हैं। बच्चों को सांस लेने में मुश्किल हो रही है। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बड़ी आपदा है। इस पर सदन में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।

#### दोनों सरकारें फेल : अजय माकन

कांग्रेस नेता अजय माकन ने दिल्ली और केंद्र सरकार दोनों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, दिल्ली में, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों जिम्मेदार हैं। कोई भी अब ब्लेम गेम नहीं खेल सकता। जब तक दिल्ली में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुधार नहीं होगा, प्रदूषण का मुद्दा हल नहीं होगा। कांग्रेस के 15 साल में हालात नियंत्रण में थे, लेकिन बीजेपी और आप दोनों दिल्ली में प्रदूषण रोकने में फेल हो गए हैं।

#### प्रदूषण पर कड़ा राजनीतिक दबाव

दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई लगातार 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि स्थितियां बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी रोगियों के लिए बेहद खतरनाक हैं।

## यूपी में कांग्रेस का समाजवादी पार्टी से टूटा नाता ! कांग्रेस ने पंचायत चुनाव अकेले लड़ने का किया ऐलान




लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के एक फैसले से सूबे की राजनीति गरमा गयी है। दरअसल, पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया है। इसके पीछे वजह यह है कि कांग्रेस पार्टी ने अकेले पंचायत चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बताया जाता है कि यूपी कांग्रेस सांसदों की राहुल गांधी के साथ हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी अलग से पंचायत चुनाव लड़ने का फैसला किया। हालांकि कांग्रेस पार्टी के इस फैसले से अब इंडिया अलायंस के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं राजनीतिक जानकार कांग्रेस के इस फैसले को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले एक नए प्रयोग के रूप में देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, बीते दिनों उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा था कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेगी। हमारा गठबंधन जारी रहेगा। मगर, कांग्रेस पार्टी के इस फैसले ने सभी को चौका दिया है। हालांकि, कांग्रेस के इस निर्णय पर समाजवादी पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 में सपा-कांग्रेस के गठबंधन प्रदेश की 80 सीटों सें 43 सीटें अपने खाते में की थी।

## झांसी की एसआईआर लिस्ट में अमिताभ बच्चन का नाम, मचा हड़कंप

**– मकान नंबर 54 में दर्ज है नाम लेकिन वहां मंदिर मिला**

**झांसी (एजेंसी)।** यूपी इन दिनों एसआईआर प्रक्रिया चर्चाओं में हैं। आए दिन इसको लेकर कुछ न कुछ चौंकाने वाली मामले सामने आ रहे हैं। अब एक और अजब-गजब मामला सामने आया है। जहां एसआईआर सूची में फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का नाम दर्ज मिला है, जिसको लेकर अब हड़कंप मचा गया है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसे नाम सूची में कैसे पहुंचे?



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमिताभ बच्चन ओरछा गेट बाहर के खुशीपुरा इलाके की वोटर लिस्ट में उनका नाम और मकान नंबर 54 दर्ज है। साफतौर से ये भी बताया गया है कि अमिताभ बच्चन ने साल 2003 में वोट भी डाला था, साथ ही लिस्ट के मुताबिक अमिताभ बच्चन की उम्र 76 साल की है। इसको लेकर जब पड़ोसियों ने बताया तो हर कोई हैरान रह गया। पड़ोसियों ने कहा कि हमने अमिताभ बच्चन को सिर्फ फिल्मों में देखा है।

रिपोर्ट के मुताबिक एसआईआर लिस्ट में अमिताभ बच्चन के नाम के साथ जो मकान नंबर-54 दर्ज है वह मकान नंबर सुरेंद्र कुमार (76) पुत्र राजेश कुमार के नाम दर्ज पाया गया है। दोनों मतदाताओं का नाम लिस्ट में 543 और 544वें नंबर पर देखा गया है। वहीं पूरा मामले में यूटर्न तब आया जब मकान नंबर 54 की जगह यहां मंदिर मिला। नाम सामने आते ही प्रशासन में खलबली मच गई। विभाग में घमासान और जांच की मांग तेज हो गई है। फिलहाल विभाग में जवाबदेही को लेकर चर्चाएं तीखी हो गई हैं और मामला गर्माता जा रहा है।

# सीएम रेंवत के बयान पर बीजेपी का आरोप, हिंदू-विरोधी राजनीति कर रहे है और मुस्लिम लीग जैसी सोच

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी के हिंदू देवी-देवताओं पर दिए गए बयान से विवाद पैदा हो गया है। सीएम रेड्डी ने कांग्रेस की अंदरूनी बैठक में पार्टी के भीतर विभिन्न विचारधाराओं और समूहों को समायोजित करने की प्रक्रिया को समझाने के लिए हिंदू धर्म में देवी-देवताओं की विविधता का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के तीन करोड़ देवी-देवता हैं, और हर परिस्थिति के लिए अलग देवता माने जाते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने विभिन्न देवताओं के उदाहरण दिए, जैसे अविवाहितों के लिए हनुमान, दो बार शादी करने वालों के लिए अलग देवता, शराब पीने वालों के लिए अलग देवता, आदि। सीएम रेंवत के बयान पर भाजपा और बीआरएस (बीआरएस) दोनों ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त देकर मुख्यमंत्री से माफी की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस हिंदू-विरोधी राजनीति कर रही है और मुस्लिम लीग जैसी सोच के साथ काम कर रही है।




भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान और अर्बन नक्सली मानसिकता का उदाहरण बताया। उन्होंने कांग्रेस पर हिंदू आस्थाओं पर बार-बार हमला करने का आरोप लगाया और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के राधे-राधे अभिवादन पर आपत्ति जताने की घटना का भी उल्लेख किया। भाजपा ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के जिहाद संबंधी टिप्पणी के समर्थन और कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की भौं-भौं वाली प्रतिक्रिया पर भी निशाना साधा, इसे कांग्रेस के मुस्लिम लीग एजेंडा का हिस्सा बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस बयान को आपत्तिजनक और घृणित बताते हुए कांग्रेस के भीतर हिंदू-विरोधी भावनाओं का जहर उजागर होने की बात कही।

इसके बाद में मुख्यमंत्री रेड्डी ने दावा किया कि भाजपा उनके बयान को तोड़-मरोड़ रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह बात कांग्रेस के भीतर की आंतरिक विविधता को समझाने के लिए कही थी ताकि नए डीसीसी अध्यक्ष सभी को साथ लेकर चल सकें। यह विवाद तब सामने आया है जब तेलंगाना की नई कांग्रेस सरकार संगठन को मजबूत करने और व्यापक समूहों तक पार्टी की विचारधारा पहुँचाने की कोशिश कर रही है। यह घटना तेलंगाना की राजनीति में एक तीखी बहस का विषय बन गई है, जिसमें विपक्षी दल कांग्रेस पर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुँचाने और मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगा रहे हैं।

## राहुल गांधी की नागरिकता को दाखिल परिवाद पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रायबरेली (ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर रायबरेली की एमपी-एमएलए कोर्ट में दाखिल परिवाद पर कल कोर्ट सुनवाई करेगा। बेंगलुरु के रहने वाले भाजपा नेता एस. विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट के अधिवक्ता विंदेश्वरी पांडेय के माध्यम से बुधवार को प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर कोर्ट ने शहर कोतवाली पुलिस से प्रकरण की रिपोर्ट तलब की है।



एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 335, 340, 236, 237, 61, 148,147, 152, 238, 336, 351, 354,359, 241 सहित पासपोर्ट अधिनियम व विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का प्रार्थना पत्र विशेष न्यायाधीश डा. विवेक कुमार के समक्ष दाखिल किया है। कोर्ट ने न्यायालय ने प्रार्थनापत्र पर कोई आदेश करने के पूर्व कोतवाली से रिपोर्ट मंगाई है। शिकायतकर्ता ने राहुल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कुछ धाराओं में आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के प्रावधान है। दोहरी नागरिकता, फर्जी पासपोर्ट, गोपनीय सूचना दुश्मनों को पहुंचाना, बेनामी संस्था बनाने जैसे गंभीर आरोप है। कोर्ट ने प्रकीर्ण वाद में दर्ज कर सुनवाई के लिए कल पांच दिसम्बर की तिथि नियत की है।

भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश नागरिकता को लेकर एप्लीकेशन दी गयी है। कोर्ट से इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस मामले में न्यायालय ने कोतवाली पुलिस रायबरेली से रिपोर्ट मांगी है। जांच की रिपोर्ट भी जल्दी मिल जाएगी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई पहले से जांच कर रही है। शिशिर ने कहा कि भारत की राजनीति में पहली बार ऐसा हुआ कि कोई विदेशी नागरिक हमारे संसद में 20 साल से बैठे हैं। इस मामले में जल्द ही सुनवाई होगी और फैसला भी सुनाया जाएगा। ब्रिटिश सरकार से भी पासपोर्ट आ गया है। भारतीय सरकार से भी हमें जानकारी मिली है। जो भी डॉक्यूमेंट न्यायालय मांगेगा या पुलिस मांगेगी, उसमें पूरी सहायता करने के लिए हम पूर्ण रूप से तैयार हैं।

## जीव दया और कबूतर बचाव अभियान के तहत जैन समुदाय 7 दिसंबर को मुंबई में मार्च निकालेगा

मुंबई (एजेंसी)। जैन समुदाय 7 दिसंबर को मुंबई में एक बड़ा मार्च निकालेगा। जीव दया और कबूतर बचाव अभियान की शुरुआत जैन मुनि नीलेशचंद्र विजय महाराज के नेतृत्व में शुरू किया जाएगा। यह मार्च कोलाबा जैन मंदिर से शुरू होगा और लालबाग, भायखला, डोंगरी, लोअर परेल होते हुए दादर कबूतरखाना जैन मंदिर और दूसरे बड़े जैन मंदिरों तक जाएगा। मार्च के दौरान जैन समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रवचन और कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान को बड़े पैमाने पर समर्थन देने की अपील भी की जाएगी। खबर है कि नीलेशचंद्रजी महाराज जीव दया और कबूतर बचाव आंदोलन को और मजबूत करने के लिए दादर में फिर से अनशन करने की तैयारी कर रहे हैं। सरकार का ध्यान खींचने के लिए जैन समुदाय के आक्रामक रुख अपनाने की संभावना है। नीलेशचंद्र महाराज कहते हैं कि जैन समाज ने किसी के मंदिर या घर तोड़कर जैनालय नहीं बनाया। यह जैन समाज शांतिप्रिय समाज है। लेकिन हमारे विले पार्ले का मंदिर बुलडोज़र से गिरा दिया गया, तो उन्होंने गैर-कानूनी मस्जिदें क्यों नहीं गिराईं? दो नेता मुझसे मिले हैं, उन्होंने कहा कि हम 15 दिन बाद कोई हल निकालेंगे, लेकिन बात नहीं बनी। देवेंद्र फडणवीस के साथ जो गद्दार नेता समाज को तोड़ रहे हैं, उनकी खैर नहीं है। मेरी जान भी चली जाए, तो भी मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। मुझे जो मैसेज देना था, वह मैंने देवेंद्र फडणवीस को दे दिया है। जो भी हिंदी के हित में कुछ करेगा, हम उसका साथ देंगे। क्या जैन समाज आने वाले चुनाव लड़ेगा? इसपर जैन मुनि नीलेशचंद्र जी ने कहा, हां, मैं पूरे भारत में अभियान शुरू करूंगा, हर समाज की एक पार्टी होती है। तो जैन समुदाय के लिए कोई पार्टी क्यों नहीं है, हमें कुछ चीज़ों के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है। हमें सड़कों पर उतरना पड़ता है। हम एक शांतिप्रिय और प्यार करने वाला समुदाय हैं। हम किसी के झगड़ों में नहीं पड़ते। हम लड़ाई-झगड़ों में नहीं पड़ते। जब विदर्भ में बाढ़ आई थी, तो मैंने वहां दो करोड़ रुपये भेजे, हमने देवेंद्र फडणवीस को चेक दिया, हमने महाराष्ट्र के लोगों के लिए दिया, ऐसे कई उदाहरण हैं।

## बिहार चुनाव की नाराजगी के बाद झारखंड में उबाल: हेमंत सोरेन भाजपा के साथ जा सकते हैं?

**रांची (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार के बाद झारखंड की सियासत में भूचाल आ गया है। वजह है झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की नाराजगी। बिहार चुनाव में जेएमएम को एक भी सीट नहीं दी गई थी, जिससे पार्टी बेहद खफा है। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। राजनीतिक गलियारों में तेज चर्चा है कि जेएमएम एनडीए के साथ जा सकती है और झारखंड में नई सरकार बन सकती है।



2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया था। 81 में से 56 सीटें जीती थीं - जेएमएम 34, कांग्रेस 16, राजद 4 और वाम दल 2। बीजेपी को सिर्फ 20 सीटें मिली थीं। अगर जेएमएम महागठबंधन छोड़कर बीजेपी के साथ आती है तो सिर्फ दो दलों की सीटें (34 + 20 = 54) ही बहुमत के जादुई आंकड़े 42 से कहीं ऊपर पहुँच जाएंगी। अगर पूरा एनडीए जेएमएम के साथ आता है तो तस्वीर और मजबूत होगी। बीजेपी (20) + जेएमएम (34) + आजसू (1) + एलजेपी (1) + जेडीयू (1) = कुल 57 सीटें। यानी भारी बहुमत। इससे मौजूदा महागठबंधन सरकार अपने आप गिर जाएगी और हेमंत सोरेन एक बार फिर मुख्यमंत्री बन सकते हैं, इस बार बीजेपी के समर्थन से। सियासी जानकार मानते हैं कि बिहार में नीतीश कुमार की जीत और राजद की हार के बाद जेएमएम को लगा कि कांग्रेस-राजद के साथ रहने से उसका भविष्य सुरक्षित नहीं है। बिहार में सीट न मिलना आखिरी झटका साबित हुआ। यही वजह है कि हेमंत सोरेन दिल्ली में बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से लगातार संपर्क में बताए जा रहे हैं। हालांकि जेएमएम के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ अफवाह है। हम महागठबंधन के साथ हैं और रहेंगे। मगर दिल्ली में सोरेन दंपती की मौजूदगी और बंद कमरों में चल रही बैठकों ने सारी अटकलों को हवा दे दी है। अगर यह उलटफेर हुआ तो झारखंड की राजनीति में पिछले दस साल का सबसे बड़ा सियासी धमाका होगा। देखना यह है कि हेमंत सोरेन पुरानी दोस्ती निभाते हैं या नया गठबंधन चुनते हैं।

## बाबरी से मिलती-जुलती मस्जिद बनाने का दावा करने वाले कबीर टीएमसी से निलंबित

कोलकाता (एजेंसी)। बाबरी से मिलती जुलती मस्जिद बनाने का दावा कर रहे विधायक हुमायूं कबीर को टीएमसी ने निलंबित कर दिया है। कबीर ने 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले में मस्जिद की नींव रखने की बात कही थी। इसके बाद से ही प्रशासन अलर्ट था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीएमसी विधायक कबीर के इस फैसले से सीएम ममता बनर्जी नाराज थीं। हालांकि इस पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

# पुतिन का दौरा अहम, तकनीक-ऊर्जा सहयोग और यूक्रेन युद्ध पर हो सकती है चर्चा

**-पूर्व राजनयिक त्रिगुणायत ने कहा- कंपनियों को सामरिक रिश्तों का लाभ उठाना चाहिए।**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। पुतिन की यात्रा को लेकर पूर्व भारतीय राजनयिकों का मानना है कि परमाणु प्लांट से जुड़े विषय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक के अलावा पुतिन और पीउम मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता में यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा हो सकती है। पूर्व राजनयिक अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि रूस हर मुश्किल वक्त में भारत के साथ खड़ा रहा है। इस कड़ी में 25 साल पहले यह तय हुआ कि समय-समय पर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ताएं होंगी। उसी आधार पर पुतिन भारत आ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि पिछले 25 सालों में भारत-रूस संबंध बहुत मजबूत हुए हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच आपसी समझ भी काफी अच्छी है। रूस-यूक्रेन युद्ध पर त्रिगुणायत ने कहा कि संभावना है कि पुतिन बातचीत में पीएम मोदी से यूक्रेन के विषय पर बात कर सकते हैं। पीएम मोदी ने हमेशा युद्धविराम की बात की है। रूस-यूक्रेन की लड़ाई इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।

त्रिगुणायत ने कहा कि एनर्जी सिक्योरिटी में रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। उसके चलते भारत के ऊपर कुछ अतिरिक्त शुल्क भी लगा है। हालांकि, भारत ने इतना ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि द्विपक्षीय वार्ता में इस पर भी चर्चा हो सकती है। अगर रूस अपने सरप्लस को रणनीतिक तरीके से भारत में निवेश करना चाहे तो वह उसके लिए बहुत बड़ा अवसर है। इसी तरह भारतीय कंपनियों के लिए भी यह बड़ा मौका है। कंपनियों को भी सामरिक रिश्तों का लाभ उठाना चाहिए।

वहीं, पूर्व राजनयिक वीना सिकरी ने कहा कि ऐसा लगता है कि पुतिन का यह एक बहुत ही अहम दौरा है। इसके पीछे कई कारण हैं। दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल हालात बहुत नाजुक हैं। दो युद्ध चल रहे हैं, जो अभी खत्म नहीं हैं, बल्कि तनाव बना हुआ है। इसके अलावा भारत पर अमेरिका की तरफ से ज्यादा टैरिफ को लेकर काफी दबाव है, जिसका ज्यादातर हिस्सा उस एनर्जी से जुड़ा है जो भारत रूस से खरीद रहा है। सिकरी ने कहा कि रूस की ओर से विकसित सुखोई-57 स्टील्थ फाइटर जेट बहुत अहम है और भारत सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है।



# ये कैसी अनदेखी...विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे गरीब, 2.7 हेक्टर भूमि बता बंद कर रहे राशन कार्ड

राजेश कोठारी

**करेड़ा।** जहाँ एक और सरकार गरीबो को राहत देने के लिए तरह तरह की योजना चला फायदा दिला रही है वही दूसरी और विभाग के अधिकारियो की लापरवाही का खामयाजा गरीबो को भुगतना पड रहा और गरीबो को सरकार दफ़्तरो के चक्कर काटने पड रहे है। ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है करेड़ा मे जहाँ खाद्य एंव नागरिक आपूर्ति विभाग लापरवाही ही से कस्बे सहित उप खंड क्षेत्र के कई गरीबो के राशन कार्ड बंद कर दिए गए। जिससे उनके राशन के गेहूं भी बंद हो गए । इसकी जानकारी ग्रामीणों को तब लगी ज़ब ग्रामीण राशन डीलर के पास गेहूं लेने गए और राशन डीलर द्वारा उन्हें राशन कार्ड बंद होने की बात कही और गेहूं नहीं दिए । जिस पर ग्रामीण सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे पर किस कारण से गेहूं बंद हुए और कैसे चालू होंगे इसकी जानकारी कहीं से नहीं मिलने से ग्रामीण हताश है। विदित रहे कि पिछले कुछ समय से खाद्यय विभाग द्वारा अपात्र परिवारों के राशन कार्ड बंद कार खाद्यय सुरक्षा प्राप्त परिवारों को योजना से वंचित कर रहा है पर विभाग कई पात्र परिवारों को 2.7 एकड़ जमीन बता कर राशन कार्ड बंद किये जा रहे। जो की बना किसी भौतिक सत्यापन के ही जमीन 2.7 एकड़ जमीन बता कर योजना से वंचित किया जा रहा है जबकि हकीकत मे उन परिवारों के 1 बीघा से 3 बीघा जमीन ही है ।






### इनका कहना

मेरे पास पीएम सम्मान निधि से जो सूची आई है उसमे जिनके जो जमीन ज्यादा बताई गई है उसके आधार पर राशन कार्ड बंद किये गए वास्तव मे जिनके जमीन कम है वो पटवारी से रिपोर्ट करवा कर मेरे पास ले आएंगे उनके फिर से चालू कर देंगे ।

**अमरेंद्र मिश्रा डीएसओ, भीलवाड़ा**

**केस 1...**

करेड़ा निवासी पंकज सिंह राठौड़ का हाल ही मे राशन कार्ड बंद किया गया और कारण 2.7 बीघा जमीन कारण बताया गया जबकि राठौड़ के 14 बिस्वा जमीन ही है ।

**केस 2...**

करेड़ा निवासी निर्मला दत्या का भी राशन कार्ड बंद किया गया और कारण 2.7 बीघा जमीन कारण बताया गया जबकि इनके 1 बीघा जमीन ही है ।

**केस 3...**

करेड़ा निवासी घनश्याम सिंह सिसोदिया का भी राशन कार्ड बंद किया गया और कारण 2.7 बीघा जमीन कारण बताया गया जबकि इनके 6 बीघा जमीन ही है।

**केस 4...**

करेड़ा निवासी भेरू लाल दामामी का भी राशन कार्ड बंद किया गया और कारण 2.7 बीघा जमीन कारण बताया गया जबकि इनके 1.7 बीघा जमीन ही है।

निजी स्कूल के बच्चों की जान आफत में पड़ी

# बाल वाहिनी रेलवे अंडर ब्रिज में भरे पानी में फंसी



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर में एक बार फिर निजी स्कूल की लापरवाही देखने को मिली बाल वाहिनी में सवार बच्चो की जान आफत में पड़ गई । रेलवे अंडर ब्रिज में पानी भरे होने के बावजूद चालक ने बाल वाहिनी को वहां से निकालने का प्रयास किया लेकिन बाल वाहिनी गहरे पानी में फंस गई वाहिनी में कई बच्चे मौजूद थे जिससे बच्चो में दहशत फैल गई । घटना है शुक्रवार सुबह की अजमेर रोड स्थित सुखाडिया सर्कल के पास स्थित रेलवे अंडर ब्रिज की । जहां सेंट्रल एकेडमी स्कूल की बाल वाहिनी वहां गहरे पानी में फंस गई चालक ने काफी निकालने के प्रयास किए लेकिन सफलता नही मिली उसके बाद उसी स्कूल की बस को मौके पर बुलाया गया और टॉर्चिंग कर वेन को बाहर निकाला गया । उसके बाद बच्चो की जान में जान आई । लेकिन इस तरह की लापरवाही बच्चो की जान पर भारी पड़ जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता । क्युकी विद्यालय प्रबंधन के कहे अनुसार वाहिनी चालक नया था उसे रास्ते का ज्ञान न होने के कारण उसने स्कूल वेन को अंडर ब्रिज के नीचे से निकालने का प्रयास किया । अब इसमें कितनी वास्तविकता है यह तो चालक या स्कूल प्रबंधन ही जानता है । वही प्रशासन भी इसके लिए जिम्मेदार हैं आए दिन यहां और कई जगह रेलवे अंडर ब्रिज में भरे पानी में वाहन फंस जाते है लंबे समय से शहर के कई अंडर ब्रिजो में बरसाती पानी भरा हुआ है लेकिन प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नही दिया जा रहा और पानी को समय रहते खाली नही कराने से लोगो की जान जोखिम में पड जाती है और मार्ग सुगम नही रहता है।

# 5 हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने दबिश देकर जोधपुर से पकड़ा

पिछले 12 सालो से फरार चल रहा था शातिर कार चोर

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



एसपी धर्मेन्द्र सिहं द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा-निर्देशों के मध्यनजर एएसपी पारस जैन मुख्यालय, भीलवाडा के निर्देशन में शऔर सज्जन सिंह राठौड वृत्ताधिकारी वृत्त शहर, भीलवाडा के निकटतम सुपरविजन में थाना अधिकारी शिवराज गुर्जर सिटी कोतवाली के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया। दिनांक 14 जून 2013 को पुलिस थाना कोतवाली भीलवाडा पर प्रार्थी श्याम लाल पिता नारायण लाल गुर्जर निवासी शाम की सब्जी मण्डी गुर्जर मौहल्ला भीलवाडा ने एक रिपोर्ट देकर बताया की प्रार्थी की बोलेरो जीप जो उसके दोस्त के नाम से पंजिकृत है मै देखरेख करता हूं। मेरे पास रहती है दिनांक 13.06.2013 को रात्रि 12.30 बजे मेरे घर के सामने शाम की सब्जी मण्डी पर खडी कर वह घर चला गया। गाडी को लॉक कर चाबी मेरे पास ले ली थी । दिनांक 14.06.2013 को सुबह 6.00 बजे मै उठा व मेरी गाडी को देखा तो घर के बाहर गाडी नही मिली। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई एवं प्रकरण में धारा 173(8) सीआरपीसी में दर्ज कर जांच प्रारंभ की । गठित टीम के सदस्यो ने कडी लगन व मेहनत से कार्य करते हुए आसूचना के आधार पर वांछित आरोपी की पाली, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर में तलाश की एवं आरोपी द्वारा अलग अलग स्थानों पर मजदूरी करने व फरारी काटने के दौरान टीम द्वारा धरपकड हेतु लगातार पीछा कर अथक प्रयास के बाद जोधपुर की तरफ फरारी काटने व मजदूरी करते हुए को मामले में डिटेन कर गिरफ्तार किया गया । जिससे चोरी के माल के बारे में पूछताछ व अनुसंधान जारी है। टीम में थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर थाना कोतवाली जिला भीलवाडा, गोविन्द सिंह हैड कांस्टेबल, मांगीलाल कांस्टेबल शामिल थे । उक्त मामले में पुलिस ने सूरजाराम पुत्र रघुनाथ राम विष्णोई उम्र 48 साल निवासी एकलखोरी पुलिस थाना ओसिंया जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया ।

# राजस्थान हाई कोर्ट में बम की सूचना से मची अफरा तफरी

## धमकी निकली महज अफवाह, पिछले सात महीनों से मिल रही है ऐसी धमकियां

स्मार्ट हलचल| जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट को ईमेल से बम धमकी मिलने से पूरा परिसर खाली कराया गया. बम स्क्वॉड और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया. लगातार 7 महीनों से ऐसी धमकियां मिल रही हैं. राजस्थान में एक बार फिर बम धमाके की धमकी ने अफरा-तफरी मचा दी. शुक्रवार को हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला था, जिसके बाद पूरे परिसर को तुरंत खाली कराया गया. ईमेल देखते ही सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया और कोर्ट का सामान्य कामकाज रोक दिया गया. जानकारी के मुताबिक, सुबह कोर्ट का कामकाज शुरू होते ही रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों ने धमकी भरा ईमेल देखा. इसमें साफ लिखा था कि हाईकोर्ट परिसर में बम लगाया गया है जिसे किसी भी समय विस्फोट किया जा सकता है. संदेश पढ़ते ही प्रशासन ने तत्काल वकीलों, वादकारियों और कर्मचारियों को कैंपस से बाहर निकालने का आदेश दिया. सभी को तेजी से बाहर सड़क तक भेजा गया, ताकि किसी भी तरह की जान-माल की हानि न हो. सर्च ऑपरेशन के बाद पता चला कि बम की धमकी महज एक अफवाह थी. दो घंटे की सघन तलाशी के बाद हाई कोर्ट में वकीलों-अधिकारियों और कर्मचारियों की एंट्री फिर से शुरू की गई. हाई कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई भी फिर से शुरू कर दी गई है. बम निरोधक दस्ते को तलाशी में कोई भी डिवाइस या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली ।




बम की धमकी अफवाह साबित होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली है. दो घंटे तक हाईकोर्ट में अफरा तफरी मची रही. एडिशनल डीसीपी साउथ ललित कुमार शर्मा के मुताबिक, धमकी देने वाले के बारे में पता लगाया जा रहा है. जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी. पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन चला कर क्लीयरेंस दे दिया गया है ।

ईमेल मिलते ही पुलिस की कई टीमें हाईकोर्ट पहुंच गई. बम डिटेक्शन और डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड ने पूरे परिसर को अलग-अलग जोन में बांटकर सर्च अभियान शुरू किया है. हर कक्ष, पार्किंग, रिकॉर्ड रूम और सार्वजनिक क्षेत्र की गहन तलाशी ली जा रही है. सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी गई ।

कैंपस खाली होने के कारण चल रही और निर्धारित सभी सुनवाई तत्काल रोक दी गई. वकीलों और आम लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. कई लोग दस्तावेज और केस फाइलें भीतर ही छोड़कर बाहर निकलने को मजबूर हुए. सुरक्षाकर्मियों ने लोगों को शांत रहने और बाहर सुरक्षित स्थान पर खड़े रहने की अपील की ।

राजस्थान में यह पहला मामला नहीं है. पिछले सात महीनों में लगातार ईमेल के जरिए बम धमाकों की धमकियां भेजी जा रही हैं. हर बार पुलिस ने गंभीरता से जांच की, लेकिन अब तक सभी धमकियां अफवाह साबित हुई हैं. रविवार को भी अजमेर दरगाह और कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल मिला था, जो बाद में फर्जी पाया गया ।

फिर भी बार-बार मिल रही धमकियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. साइबर सेल ईमेल भेजने वाले की तलाश में जुट गई है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पैटर्न को देखकर लगता है कि कोई व्यक्ति लगातार अफवाह फैलाने और दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है. जल्द ही आरोपी को पकड़ने की उम्मीद जताई जा रही है. राजस्थान में बार-बार मिल रही बम धमकी की ईमेल ने प्रशासन के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है, वहीं लोगों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# अवैध बजरी का खनन करते जेसीबी और ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मांडल पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर ट्राली को जब्त करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है । उक्त अवैध खनन मांडल थाना क्षेत्र स्थित कोठारी नदी में चल रहा था । गुरुवार देर शाम टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया । मेजा से धुलखेड़ा नदी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बजरी का खनन चल रहा था और ग्रामीणों से भी लगातार शिकायते मिल रही थी टीम बनाकर मौके पर दबिश दी और अवैध खनन करते पाए जाने पर चालक बरुंदनी निवासी राजू



अहीर से खनन के लिए दस्तावेज मांगे और पूछताछ की लेकिन वह पूछताछ के दौरान सही जवाब नहीं दे पाया और न दस्तावें प्रस्तुत किए । अवैध खनन होने के चलते पुलिस ने दोनो वाहनों को जब्त कर लिया और चालक राजू को गिरफ्तार किया।

# युरिया खाद के लिए भुखे प्यासें किसान लगें घंटों कतारों में



### 660 कट्टे को 1000 से अधिक किसान लेने पहुंचे

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** रबी के सीजन की साथ ही सरसों, गेहूं, जौं की फसल के लिए यूरिया खाद की सख्त जरूर होने से क्षेत्र के किसानों को खाद की बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, गत दिनों कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सवाईपुर से होकर गुजरे, इस दौरान ग्रामीणों व विभिन्न संगठनों द्वारा कृषि मंत्री मीणा को यूरिया खाद की कमी से अवगत कराया तथा किसानों ने मांग की कि यदि समय पर किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हुआ, तो रबी की फसल की पैदावार में असर पड़ेगा । शुक्रवार को सवाईपुर में कोटड़ी कृषक सेवा सहकारी संस्था व निजी संस्था में शुक्रवार सुबह से खाद का वितरण किया, कृषक सेवा सहकारी संस्था लिमिटेड सवाईपुर पर यूरिया खाद के लिए प्रातः 7 बजे से ही किसान कड़ाके की सर्दी में पहुंचे, सुबह किसान अलाव जलाकर सर्दी से बचने का जतन करते हुए नजर आये । दिन बढ़ने के साथ ही किसानों की कतारें बढ़ने लगी, जो नेशनल हाईवे तक पहुंच गई । संस्थान के व्यवस्थापक शम्भू लाल ने बताया कि 660 कट्टे यूरिया खाद के आये, जिसको लेने के लिए 1000 से अधिक किसान पहुंचे, जिसमें कई किसान वापस बेरन लौटे, एक व दो कट्टे के लिए किसानो को 5-6 घंटे भुखे प्यासें ही कतार में लगे रहे । वही एक निजी संस्थान के साथ द्वारा भी खाद का वितरण किया गया, जहां लोगों की लम्बी कतारें लगी।

# राजस्थान में शराब की दुकानों पर अब नहीं चलेगी 'मनमानी', रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य; प्रचार वाले होर्डिंग्स पर भी गिरेगी गाज

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों पर मनमानी और नियमों की अनदेखी के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। विभाग ने प्रदेश के सभी जिला आबकारी अधिकारियों को दो टूक निर्देश जारी किए हैं कि दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा की जाए और प्रचार-प्रसार वाली सामग्री तुरंत हटाई जाए।



### क्या है पूरा मामला?

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (योजना एवं नीति) प्रदीप सिंह सांगावत ने 3 दिसंबर 2025 को एक आदेश (क्रमांक 546) जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि:

### रेट लिस्ट लगाना जरूरी

प्रदेश की सभी स्वीकृत मदिरा दुकानों पर 'अधिकतम खुदरा मूल्य' (रूक्क) की रेट लिस्ट ऐसी जगह लगानी होगी, जो ग्राहकों को आसानी से दिखाई दे। अक्सर शिकायतें मिलती हैं कि सेल्समैन मनमाने दाम वसूलते हैं, जिस पर अब लगाम लगेगी।

### होर्डिंग्स पर एक्शन:

आबकारी नियम, 1956 के नियम 77-बी के तहत शराब के विज्ञापनों के मुद्रण और प्रकाशन पर रोक है। आदेश में साफ कहा गया है कि अगर किसी दुकान पर नियम 77 के विपरीत होर्डिंग्स या बोर्ड लगे हैं, तो उन्हें तुरंत हटाया जाए।

### अधिकारियों को अल्टीमेटम

विभाग ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन दोनों बिंदुओं की पालना सुनिश्चित करवाएं और अविलंब पालना रिपोर्ट मुख्यालय भेजें।

# लाखों की टोल वसूली हो रही सुपरफास्ट, बदले में मिल रही असुविधा

## शाहपुरा-भीलवाड़ा रोड और एनएच-148डी पर बड़े बड़े गड्ढे, जिम्मेदार मौन, आमजन को सफर की परीक्षा ले रहा सिस्टम

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

कौन कहता है कि सड़क सिर्फ यात्रा का माध्यम है। शाहपुरा भीलवाड़ा मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग 148-डी का नई राज्यास से शाहपुरा तक का हिस्सा अब सामान्य सड़क नहीं, बल्कि जनता के साहस, धैर्य और संतुलन की परीक्षा का ट्रैक बन चुका है। यहां सफर करना ऐसा है कि हर वाहन चालक खुद से सवाल कर रहा हो क्या मैं इस सफर में बचकर निकल पाऊँगा?टूट-फूटी डामर की परतें, उखड़ी सतह और अनियमित उभार हर मोड़ पर यह संदेश देती हैं कि सड़क सुधार सिर्फ फाइलों और आश्वासन में ही हो रहा है। टोल प्लाजा पर करोड़ों की वसूली लगातार जारी है, लेकिन सड़क सुधार के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी और विभागीय लोग मौन साधे बैठे हैं। जनता की पीड़ा शायद उनके लिए किसी रिपोर्ट नंबर से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है।दुपहिया वाहन चालक हर मोड़ पर संतुलन बनाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, चारपहिया वाहन झटकों और उछलकूद के बीच गुजर रहे हैं और हर गुजरते वाहन के साथ सड़क की हालत और बिगड़ रही है। रात के समय रोशनी की कमी और सड़क की दयनीय स्थिति मिलकर सफर को मौत के खेल में बदल देती है, लेकिन अधिकारियों की नजरों में सब कुछ परफेक्ट है क्योंकि फाइलों में सड़क तो ठीक लिखी गई है।आमजन अब सीधे पूछ रहे हैं टोल वसूली पूरी हो गई, लेकिन हमारी जान की कीमत कौन चुकाएगा। सड़क के टूटे हिस्से और लापरवाही के कारण वाहन लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और आमजन हर सफर में जोखिम और झटका झेल रहे हैं।



यह मार्ग अब जनता के लिए स्टंट ड्राइविंग की परीक्षा बन गया है, टोल वसूली जारी है और जिम्मेदारों की नींद जारी। सवाल यही है आखिर कब तक जनता अपनी जान जोखिम पर डालकर सफर करती रहेगी, और कब तक अधिकारी अपनी कुर्सी पर आराम फरमाते रहेंगे?

# दो तस्करो को 10-10 साल कठोर कारावास और जुर्माने की सजा, 86 किलो गांजे के साथ पकड़े गए थे आरोपी

### 2019 के मामले में एनडीपीएस कोर्ट ने सुनाया फैसला

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

एनडीपीएस कोर्ट ने 2019 के एक अवैध मादक पदार्थ मामले में दो तस्करो को दस दस साल कठोर कारावास और एक एक लाख रु से दंडित किया है । दोनो आरोपित कार में रखे 55 पैकेट में 86 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार हुए थे । विशिष्ट न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा ने उक्त मामले में आरोपित आसीफ अली पुत्र निवाज अली निवासी साकरिया नई आबादी, सदर निंबाहेड़ा और आमिर उर्फ



अमीर खान पुत्र इशाक खान पठान निवासी भांगल तुंगड़िया बड़ी सादड़ी जिला चितौड़गढ़ को सजा सुनाई । विशिष्ट लोक अभियोक रामस्वरूप गुर्जर ने 14 गवाह और 82 दस्तावेज पेश किए और आरोप सिद्ध करवाया ।

2 जनवरी 2019 को प्रतापनगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी की श्मशान घाट के पास एक संदिग्ध कार खड़ी है जिसमे दो व्यक्ति मौजूद है जिनके पास अवैध मादक पदार्थ हो सकता है जिस पर टीम के साथ इंचार्ज प्रेम सिंह ने मौके पर दबिश दी और कार सवार दोनो आरोपियों से पूछता करने के बाद कार की तलाशी ली कार के अंदर गांजे के 55 पैकेट 86 किलो गांजे के मिले ।

पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कार और गांजे को अपने कब्जे में लिया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की ओर जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में चार्जशीट पेश की । सुनवाई खत्म होने के बाद दोनों आरोपियों पर आरोप सिद्ध हुआ और दोनो को 10- 10 साल कठोर कारावास और एक एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई।

## जिला कलेक्टर ने किया काशीपुरी पीएचसी का निरीक्षण

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करे चिकित्सा कर्मी- जिला कलेक्टर संधू

## गर्भवती महिलाओं से लेकर सर्दी-जुकाम मरीजों तक, सेवाओं की गहन समीक्षा कर दिए महत्वपूर्ण सुधार के निर्देश

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को शहर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काशीपुरी का निरीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं, दवाइयों, संसाधनों और व्यवहारिक प्रक्रियाओं का विस्तार से मूल्यांकन किया तथा त्वरित सुधार के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक योगेश वैष्णव, यूपीएम निशा आमेटा सहित संस्थान के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. सुवालका और अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 01 से 15 दिसंबर तक संचालित किये जा रहे पिंक पखवाड़ा' के दौरान चिकित्सा केंद्र पर एनीमिक गर्भवती महिलाओं को समय पर एसीएम इंजेक्शन लगाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध करवाई जाए।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा भवन में मरम्मत की आवश्यकता देखते हुए कहा कि नियमित प्रक्रिया के अनुसार मरम्मत का प्रस्ताव (तकमिना) तैयार कर शीघ्र भिजवाया जाए, जिससे संस्थान की कार्यक्षमता और मरीज सुविधा दोनों में सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने पेंशनधारियों के लिए ओपीडी व आईपीडी मे चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए सर्दी के बढ़ते मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर ने ।LI/SARI मरीजों की पृथक से स्क्रीनिंग करने, केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयाँ और संसाधन हर समय उपलब्ध रख आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश चिकित्सा अधिकारी व कार्मिकों को दिए निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने संस्थान के कार्मिकों से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में किसी तरह की समस्या हो तो उसकी जानकारी ली और आवश्यक सुधार का आश्वासन दिया इस दौरान उन्होंने अस्पताल में डीडीसी केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थित रखी दवाओ और चिकित्सा केंद्र की साफ सफाई को देखकर चिकित्सा कर्मियों की सराहना की।

## सड़क हादसे में गंभीर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



बिजौलिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव के पास बुधवार शाम हुए एक सड़क हादसे में गंभीर घायल युवक की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई । मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया । जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय नानूराम भील निवासी आरोली बुधवार शाम बिजौलिया से अपने गांव लौट रहा था इस दौरान कल्याणपुरा के पास एनएच 27 पर बाइक के सामने कोई जानवर आ गया जिससे युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे उपचार के लिए बिजौलिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां हालत नाजुक होने पर उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय में रेफर कर दिया । जिला जिला अस्पताल में उपचार देने के बाद हालत ज्यादा खराब होने के कारण उसे उदयपुर के लिए रेफर कर दिया । लेकिन वह रिकवर नही कर पाया कर उपचार के दौरान शुक्रवार को उसने दम तोड दिया । जिस पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने बाद परिजनों को सौपा।

## कृषि ट्रेड की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा



पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि ट्रेड की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण कृषि विज्ञान केंद्र अरनिया घोड़ा, शाहपुरा में आयोजित किया गया।

भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के आचार्य राजेश जलवानिया ने छात्राओं को वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि, उसकी उपयोगिता, पौधों की ग्राफ्टिंग प्रक्रिया, पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खेती को अधिक उन्नत बनाने के तरीके भी बताए।

डॉ. हीरालाल ने छात्राओं को मुर्गीपालन, पशुपालन और बागवानी में उपलब्ध रोजगार एवं भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि कृषि केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक मजबूत उद्यम व करियर विकल्प बनकर उभर रहा है।

यह औद्योगिक भ्रमण विद्यालय के कार्मिक पीयूष जैन, सुरेंद्र सिंह बारेठ, राकेश कुमार खटीक, दुर्गेश पारीक, अनिल लखोटिया, ज्योति सुमन, इंद्रा जैन, सुमन सुवालका और माया कोली के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# लाडपुरा में धर्म की बयार: 7 दिसंबर से गूंजेंगे वेद मंत्र, बानोड़ा बालाजी के सान्निध्य में शुरू होगा पंचकुण्डीय महायज्ञ

### कलश यात्रा के साथ विराजेंगे चारभुजानाथ, तैयारियों में जुटे ग्रामीण

स्मार्ट हलचल| लाडपुरा



कस्बे के श्री बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर प्रांगण में रविवार, 7 दिसंबर से भक्ति और आस्था का महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। बानोड़ा बालाजी के आचार्यत्व एवं शेषावतार कल्लाजी महाराज के पावन सान्निध्य में यहाँ पंच दिवसीय पंचकुण्डात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन कमेटी के संरक्षक रणजीत सिंह शक्तावत ने बताया कि रविवार सुबह 10:15 बजे बाग वाला कुआं से भव्य जल कलश यात्रा शुरू होगी, जो गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचेगी। इसी के साथ बानोड़ा बालाजी कैलाशचन्द्र शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार से महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा।

### चारभुजानाथ के बेवाण का आगमन

महायज्ञ के दौरान चारभुजानाथ का बेवाण विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। रविवार को आस-पास के गांवों से श्रद्धालु भगवान चारभुजानाथ के बेवाण को धूम-धड़ाके और भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा के रूप में मंदिर लाएंगे। अगले पांच दिनों तक भगवान का बेवाण यज्ञ मंडप में ही विराजेगा, जहाँ उनकी नित्य पूजा-अर्चना होगी।

### तैयारियां पूर्ण, गूंजेंगे भजन

मंदिर विकास एवं प्रबंध संस्थान के अध्यक्ष नन्द किशोर सनाढ्य ने बताया कि यज्ञ मंडप का कार्य पूर्ण हो चुका है। आयोजन को सफल बनाने के लिए भगवान सुथार, दिनेश सिंह शक्तावत, मोडू माली, शंभू धाकड़, नंद गुर्जर, कालू सुथार सहित समस्त ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हैं। प्रतिदिन शाम 7 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। महायज्ञ की पूर्णाहूति 13 दिसंबर तक प्रस्तावित है, जिसमें विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी जाएंगी।

## आसींद को मिली पहली महिला थाना अधिकारी

स्मार्ट हलचल



**आसींद।** स्थानीय पुलिस थाने में श्रद्धा पचोरी को आसींद की पहली महिला थाना अधिकारी नियुक्त किया गया है। 2015 बैच की पुलिस अधिकारी श्रद्धा पचोरी ने हाल ही में कार्यभार संभाला।

पुलिस सेवा में वर्ष 2015 से कार्यरत श्रद्धा पचोरी के पास आठ वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इससे पहले भरतपुर रेंज में महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। आसींद में नियुक्ति से पूर्व, वर्ष 2023 में वह भीलवाड़ा जिले के काछोला और शकरगढ़ थानों में भी थाना अधिकारी के पद पर कुशलतापूर्वक कार्य कर चुकी हैं।

सुरक्षा और जागरूकता कार्यभार संभालने के बाद, थाना अधिकारी श्रद्धा पचोरी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाना और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखना।

महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज में आगे बढ़ने के लिए उत्प्रेरित करना। तथा क्षेत्र में संगठित और सामान्य अपराधों पर त्वरित कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखना। श्रद्धा पचोरी की यह नियुक्ति आसींद में पुलिसिंग के लिए एक नए और सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

## मानपुरा के पंडित नरेश जोशी मुंबई के जूही अंधेरी स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल| काछोला



क्षेत्र के मानपुरा कस्बे के प्रतिभाशाली वैदिक आचार्य पंडित नरेश जोशी को मां तुलसा भवानी फाउंडेशन, मुंबई द्वारा भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ग्रेट विक्ट्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा (अयोध्या) में रामभद्राचार्य महाराज के सानिध्य में किए गए विशिष्ट कार्य के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनेत्री जयाप्रदा, महामंडलेश्वर संजय स्वामी महाराज, हरिद्वार फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्योति माले, बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियां और मुंबई के प्रमुख उद्योगपतियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान किया। यह समारोह मुंबई के जूही अंधेरी स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में देशभर के 151 वैदिक ब्राह्मण, आचार्य, पंडितों ने भाग लिया, जिनमें राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र से अकेले पंडित नरेश जोशी का चयन होना पूरे भीलवाड़ा जिले और मानपुरा कस्बे के लिए गौरव की बात है। अब तक पंडित नरेश जोशी 16 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उनके पिता पंडित दुर्गेश कुमार जोशी एक अध्यापक हैं, जबकि उनके प्रथम गुरु उनके दादाजी सोहनलाल दाधीच वो भी अध्यापक रहे है, जिन्होंने बाल्यावस्था में उन्हें गुरु दीक्षा प्रदान की।

इस उपलब्धि से मानपुरा कस्बे में खुशी और गर्व का माहौल है।

## भीलवाड़ा में आम मुस्लिम समाज ने वक्फ संपत्तियों को दर्ज कराने की तिथि को आगे बढ़ाने की रखी मांग, प्रधानमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



वक्फ बोर्ड संपत्तियों को दर्ज कराने की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर भीलवाड़ा आम मुस्लिम समाज के नेतृत्व में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर के मार्फत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष हमीद रंगरेज ने बताया कि वक्फ बोर्ड संपत्तियों को दर्ज करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 05 दिसंबर थी , प्रधानमंत्री से आम मुस्लिम समाज ने मांग करते हुए वक्फ बोर्ड संपत्ति दर्ज कराने की तिथि को बढ़ाने की मांग रखी ताकि जो संपत्ति दर्ज नहीं हुई हो वह संपत्तियां दर्ज हो सके। कांग्रेस शहर महासचिव निसार सिलावट ने बताया कि अभी तक देश में कुल वक्फ संपत्तियों में से लगभग 30% संपत्तियों का ही ब्योरा दर्ज हो सका है। विशेष रूप से भीलवाड़ा जिले में अभी तक बहुत सी संपत्तियों का ब्योरा दर्ज नही हो पाया है, जिससे वक्फ संपत्तियों का उचित उपयोग और संरक्षण नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि वक्फ बोर्ड संपत्तियों को दर्ज करने की तिथि बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा किया जा सके।

ज्ञापन देने वालों में मुस्लिम सद्भावना सदर शरीफ पठान अंजुमन सदर पार्षद उस्मान पठान, हमीद रंगरेज, एडवोकेट शाहिद देशवाली, निसार सिलावट, अकरम मेवाफरोश, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अशफाक कुर-ैशी, शिबू खान, आसिफ अंसारी, अली मंसूरी, सैयद यूनुस अली, एडवोकेट चांद डबगर, इमरान अंसारी, वक्फ बोर्ड तहसील अध्यक्ष चांद अंसारी, बाबु अंसारी, सैयद शाहिद अली, अनवर भिश्ती, हाजी सद्दीक खान, शमशाद खान, बशीर सिलावट, एडवोकेट निसार छिपा छिपा जहांगीर सिलावट, एडवोकेट यासीन छिपा, इरफान कुरैशी, बिट्टू अंसारी, जावेद नागोरी, वसीम अंसारी, सोनू सिलावट, आवेश सिलावट, सलीम सिलावट, अली खान, अकरम रंगरेज, मोनू शेख, फिरोज सिलावट लारा लोहार सहित मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## राजसेस महाविद्यालयों की संविदा नियुक्तियों पर रोक की मांग

### शैक्षिक महासंघ ने राज्यपाल को सौंपा प्रदेश स्तरीय ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) के प्रदेश महामंत्री प्रो. रिछपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान में राजसेस महाविद्यालयों में चल रही संविदा आधारित भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई है। इस संबंध में संगठन की ओर से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि राजसेस महाविद्यालयों में पांच साल के लिए नियत वेतन पर अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदायक है। संविदा पद्धति से न तो संस्थानों को स्थायित्व मिल पाएगा और न शिक्षकों को सुरक्षित भविष्य, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। संगठन ने इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के विपरीत बताते हुए कहा कि स्थायी नियुक्तियां ही शिक्षा का सुदृढ़ आधार होती हैं।

महासंघ ने मांग की कि राजसेस महाविद्यालयों को सामान्य राजकीय महाविद्यालयों के रूप में परिवर्तित कर राजकीय सेवाओं के नियमानुसार सहायक आचार्यों की नियमित भर्ती की जाए तथा शीघ्र पदस्थापन सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही राजसेस योजना की समीक्षा के लिए गठित सोडाणी समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी संगठन द्वारा उठाई गई। महासंघ ने कहा कि रिपोर्ट सामने आने से योजना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और प्रदेश की उच्च शिक्षा नीति में आवश्यक सुधार संभव हो सकेंगे।

प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों में करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत पदोन्नतियों को चरणबद्ध तरीके से समय पर पूरा कराने की मांग ज्ञापन में रखी गई। विशेष रूप से एमबीएम विश्वविद्यालय में वर्षों से लंबित सीएएस प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की आवश्यकता पर संगठन ने जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल की ओर से 'राजयोगिनी अहिल्याबाई होल्कर' एवं 'मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ' पुस्तकें भेंट की गईं।

प्रतिनिधिमंडल में प्रो. ओमप्रकाश देवासी, प्रो. बलवीर चौधरी, प्रो. केसूराम पंवार, प्रो. हरिसिंह राजपुरोहित, डॉ. चंद्रवीर सिंह भाटी, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय इकाई से प्रो. सुनील मेहता, प्रो. विकल गुप्ता तथा एमबीएम विश्वविद्यालय इकाई से डॉ. सिमरन चौधरी एवं प्रो. अनिल कुमार गुप्ता शामिल रहे। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि संविदा भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक नहीं लगी और स्थायी नियुक्तियों की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो प्रदेश भर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

# विद्यालय ज्ञान संस्कार और सर्वांगीण विकास की कुंजी- डॉ.शर्मा

## संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर संभाग ने किया सवाईपुर विद्यालय का निरीक्षण

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** विद्यालय ज्ञान संस्कार और सर्वांगीण विकास की कुंजी है तथा शिक्षक किसी भी बच्चे को शून्य से शिखर तक ले जाने का सामर्थ्य रखता है । यह विचार संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर संभाग महावीर प्रसाद शर्मा ने शुक्रवार को सवाईपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण के बाद विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि एक शिक्षक शिक्षक नहीं विद्यालय में वह विद्यार्थी के परिजन की भी भूमिका निभाता है और प्रत्येक शिक्षक को विद्यालय में अपने विद्यार्थी को अपना शत प्रतिशत देना चाहिए और जब शिक्षक अपनी ड्यूटी समाप्त कर घर जाता है और वह सोचता है कि आज मेरे में कहां कमी रही या मैं कहां गलती की अगर उन्हें लगता है तो वह अपनी उसे कमी या उसे गलती को दूसरे दिन आकर पूरी करें । डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को डायरी मेंटेन करनी चाहिए और उसमें अपने दिन भर का और अपने हर का लेंस का विवरण होना चाहिए, यह नहीं कि उसने अपनी कालांश ले लिया और बाकी फ्री रहे, नहीं अपना पूरा योगदान और शत प्रतिशत विद्यालय को दे और जब विद्यालय से कोई भी विद्यार्थी निकल कर किसी बड़े पद पर या कोई बड़ा उद्योगपति बने तो वह याद करें कि मुझे उसे शिक्षक ने यह बात कही थी वही अपनी पूंजी है । डॉ शर्मा ने सवाईपुर विद्यालय के विद्यार्थियों के अनुशासन और उनके व्यवहार की सराहना करने के साथ ही विद्यालय स्टाफ की भी प्रशंसा की तथा विद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर प्रतिष्ठा ठाकुर की कार्यशैली और उनके कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक ऊर्जावान व्यक्तित्व है इसका विद्यालय स्टाफ और विद्यालय को इतना विद्यार्थियों को पूरा फायदा मिलेगा और इसका फायदा उन्हें लेना चाहिए । इसके अलावा उन्होंने विद्यालय विकास समिति की सक्रिय भूमिका की भी सराहना की । इससे पूर्व विद्यालय परिसर में पहुंचने पर विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ., प्रतिष्ठा ठाकुर विद्यालय स्टाफ में उनकी अगवानी करते हुए उनका स्वागत और अभिनंदन किया । प्रशासक किशन लाल जाट, विद्यालय विकास समिति के सदस्यों ने भी डॉ. शर्मा का स्वागत किया ।

साहित्य निदेशक डॉ. शर्मा ने विद्यालय में विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. ठाकुर के नेतृत्व में किए गए, नवाचार नक्षत्र गार्डन, गणित की लेप, विद्यालय स्टाफ के बैठने की व्यव-स्था आदि का निरीक्षण करने के बाद उसकी प्रशंसा की और कहां की वह इसका उदाहरण पूरे अजमेर संभाग के जोन में प्रस्तुत करेंगे । इस अवसर पर मांडलगढ़ ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती कल्पना शर्मा, विद्यालय विकास समिति के शांतिलाल आचार्य, रामकुमार जाट, प्रमोद श्रोत्रिय आदि उपस्थित थे।

## मेजा नहर की हाईट बढ़ाने एवं वायर फेसिंग करवाने की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

चंद्रशेखर आजाद नगर मे आवासीय बस्ती के पास से होकर मेजा नहर सिंचाई के लिए आगे जा रही है कई जगह नहर मे मलबा पड़ा हुआ है पार्षद पंडित अशोक शर्मा ने सिंचाई विभाग के अभियंता से मिलकर पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि नहर कई जगह से क्षतिग्रस्त है एवं आवासीय बस्ती पास होने के कारण जन सुरक्षा के लिए नहर की हाइट बढ़ाना एवं वायर फेसिंग करवाने की पुरजोर मांग की है पूर्व में भी ज्ञापन दिया गया था परंतु मामूली मरम्मत करवा कर काम बंद कर दिया गया हाइट नहीं बढ़ाई गई वायर फेसिंग नहीं कराई गई पंडित शर्मा ने अधिकारियों कि कार्यशाली पर गहरी नाराज की प्रकट कर जल्दी से जल्दी उपरोक्त कार्य करवाने की मांग की गई।

## रायला के नए थानाधिकारी का स्वागत



स्मार्ट हलचल

**रायला।** रायला थाने में नवनियुक्त थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के पदभार ग्रहण करते ही पूरा क्षेत्र स्वागत के रंग में रंग गया। लाम्बिया कला टोल स्टाफ ने थानाधिकारी वर्मा को माला पहनाकर, साफा बंधवाकर मुंह मीठा करवाते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत का सिलसिला यहीं नहीं रुका इसके साथ ही रायला के पत्रकार वरिष्ठ नेता युवा बुजुर्ग से लेकर ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्होंने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और बेहतर होगी, अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास बढ़ेगा। मूलचंद वर्मा ने सभी के स्नेह के लिए आभार जताते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और संवेदनशील पुलिसिंग रहेगी। इस मौके पर लांबिया टोल संदीप कर्ल मैनेजर सुभाष लौहार डीपीएम बालकृष्ण सहित प्रवीण,राकेश सहित अन्य स्टाफ के लोगो मौजूद थे।

# निंबाहेड़ा में भक्ति की बयार: 33वें जन्मोत्सव पर 'एक शाम गुरुदेव के नाम' में उमड़ा आस्था का सैलाब, संतों के सानिध्य में निहाल हुए भक्त

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

नगर के सोनी (माहेश्वरी) परिवार द्वारा आयोजित संत श्री दिग्विजय रामजी महाराज के 33वें जन्मोत्सव समारोह ने निंबाहेड़ा की धरा को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। 'एक शाम गुरुदेव के नाम' कार्यक्रम के तहत आयोजित भव्य धार्मिक अनुष्ठानों और भजन संध्या ने समूचे नगर के वातावरण को दिव्यता और सनातन संस्कृति की ऊर्जा से आलोकित कर दिया।

### साकरिया ब्रिज से भव्य नगर प्रवेश

संत श्री दिग्विजय रामजी महाराज के नगर आगमन पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। साकरिया ब्रिज पर पलक पांवड़े बिछाए खड़े श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और पुष्पवर्षा के साथ संत श्री का आत्मीय स्वागत किया। यहां से एक विशाल शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें गूंजते जयकारों ने वातावरण को धर्ममय बना दिया।

### प्रताप प्रतिमा का दुग्धाभिषेक और देव दर्शन

शोभायात्रा के दौरान उपखंड कार्यालय के समीप संत श्री ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इसके पश्चात कल्याण चौक स्थित ठाकुर जी मंदिर में चतुर्भुज स्वरूप और कल्लाजी मंदिर में शेषावतार के दर्शन कर देश-प्रदेश



की खुशहाली की कामना की।

### संत समागम से सुशोभित हुआ मंच

जन्मोत्सव की गरिमा बढ़ाने के लिए संत समाज की विशेष उपस्थिति रही। मंच पर संत श्री दिग्विजय रामजी महाराज के सानिध्य में हमीरगढ़ से महंत सागर दास जी व महंत रामदास जी, मूंगाना से महंत अर्जुनदास जी व महंत रामपाल दास जी, दादू पीठ संप्रदाय से महंत रामजुलन दास जी तथा निंबाहेड़ा से महंत माणक दास जी विराजमान रहे। संतों के इस दिव्य समागम ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की।

### सुरों से सजी श्याम वंदना और गंगा आरती

सेलिब्रेशन ग्रीन में आयोजित खाटूश्याम भजन संध्या (3 दिसंबर) में सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री तृप्ति लड़ा और अनुराग ठाकुर ने अपने सुरों का जादू बिखेरा। उनकी भक्तिमय प्रस्तुतियों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे।

संध्या के समय संत श्री के सानिध्य में भव्य गंगा आरती का आयोजन हुआ, जिसने काशी के घाटों सा दृश्य उपस्थित कर दिया। विशेष आकर्षण के रूप में श्याम दरबार में 40 किलो मिश्री-मावा का विशेष भोग अर्पित किया गया।

### जीवन जीने की कला है सनातन: संत श्री

अपने मंगल आशीर्वचन में संत श्री दिग्विजय रामजी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति ही मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने गुरु-भक्ति, सदाचार और सेवा भाव को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

इस भव्य आयोजन में उमड़ी भीड़ और श्रद्धालुओं का उत्साह इस बात का प्रमाण था कि 'एक शाम गुरुदेव के नाम' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था का महाकुंभ बन गया।

# भाविप महाराणा प्रताप शाखा द्वारा श्री सुल्ज टेक्स स्पेयर्स प्राइवेट मे रक्त दान शिविर आयोजित

## लधु उद्योग भारती एवं एचडीएफसी बैक का रहा सहयोग, 133 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा, लधु उद्योग भारती एवं एचडीएफसी बैक के सयुंक्त तत्वाधान मे रक्त दान शिविर का आयोजन श्री सुल्जटेक्स स्पेयर्स प्राइवेट लि.रीको मे रखा जिसमे 133 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का उद्देश्य सभी ब्लड बैक मे रक्त कमी को पूरा करना। कार्यक्रम का शुभारम्भा प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक ने किया। संजीव चिरानिया, शंभू लाल काबरा, कमलेश जैन, सुरेश कोगटा, अजय मून्दडा, प्रेम नारायण मिश्रा, सतीश बोहरा, हरि प्रसाद राठी, विकास पाटनी, रोहित जैन, मयंक शर्मा, नवीन झंवर, लक्ष्मी लाल शर्मा, महेश मेहता, महेश जाजू, घनश्याम नंदवाना, शैलेंद्र संचेती, अभय खजांची आदि सदस्य उपस्तित थे। इस शिविर मे अभय खजाची व उनकी टीम का विषेश सहयोग रहा। रक्त संग्रह के लिए केशव पौरवाल हॉस्पिटल, एमजी हॉस्पिटल, अरिहंत हॉस्पिटल, रामस्नेही चिकित्सा ब्लड बैंक का सहयोग रहा।

# खैराबाद के दो खिलाड़ियों का राजस्थान टीम हेतु चयन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



राउमावि खिदरपुरा जिला डिडवाना-कुचामन की मेजबानी में सम्पन्न हुई। 69वी 17 व 19 वर्षीय राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैराबाद के दो छात्र कक्षा 12 के उदय सिंह चौहान और कक्षा 10 के धर्मराज प्रजापत का राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता हेतु पूर्व प्रशिक्षण शिविर हेतु चयन किया गया।

शारीरिक शिक्षिका श्री मती कृष्णा त्रिपाठी और प्रशिक्षक कन्हैयालाल कुमावत ने बताया की चयनित खिलाडी सीकर में 13 व 17 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पूर्व प्रशिक्षण शिविर के उपरान्त अयोध्या में 20 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# हितकारी सेवा संस्थान का जनकल्याण शिविर सम्पन्न

स्मार्ट हलचल



**निंबाहेड़ा।** सेवा, परमार्थ और मानवता की भावना को समर्पित हितकारी सेवा संस्थान चित्तौड़गढ़ एवं एचडीएफसी बैंक निंबाहेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी विद्यालय अरनिया जोशी में आयोजित रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ कुल 60 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ नागरिक पहुंचे। कई इच्छुक लोग हीमोग्लोबिन की कमी, उच्च रक्तचाप, शुगर, कम वजन आदि स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान नहीं कर पाए, परंतु उन्होंने अगली बार स्वस्थ होकर रक्तदान करने का संकल्प लिया। श्री सांवलिया जी मेडिकल कॉलेज एवं ब्लड बैंक शिविर प्रभारी डॉ अखिलेश मीणा ने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचाने में सहायक होता है, क्योंकि इससे प्लाज़्मा, प्लेटलेट्स और रेड सेल्स अलग-अलग तैयार किए जाते हैं। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प न होने से प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति के लिए तीन माह में एक बार सुरक्षित रूप से रक्तदान करना जीवन रक्षक एवं स्वास्थ्यवर्धक है। शिविर में भंडारी नेत्र चिकित्सालय नीमच के सहयोग से मोतियाबिंद हेतु नेत्र परीक्षण किए गए तथा चिन्हित रोगियों को ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि हितकारी सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा यह जनकल्याण कार्य प्रेरणादायक है। रक्तदान और निःशुल्क नेत्र परीक्षण जैसे सेवा प्रकल्प समाज को सशक्त और संवेदनशील बनाते हैं। युवाओं का उत्साह और समाज का सहयोग वास्तव में सराहनीय है। इसी दौरान संस्थान के सचिव सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है, यह मानवता की सर्वोच्च सेवा है। युवाओं ने भी रक्तदान को जीवनदान का उत्सव मानते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एकल अभियान गतिविधि प्रमुख दिनेश कुमार भील, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख गोपाल कच्छावा एवं संच प्रमुख प्रहलाद उपाध्याय के निर्देशन में किया गया। पंजीयन एवं जनजागरण में कुंदन चारण का सहयोग उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रोशन राठौर, वरिष्ठ समाजसेवी सागरमल जैन, मंडल महामंत्री भाजपा शैलेन्द्र पाटीदार, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भैरूलाल धनगर, भाजपा पूर्वी मंडल मंत्री नागेंद्रपाल जीनगर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह झाला, शक्ति केंद्र संयोजक लालचंद जाट, पूर्व उपसरपंच कन्हैया लाल धाकड़, बूथ अध्यक्ष रोशन पुष्करना, बूथ अध्यक्ष कमलेश धाकड़, युवा मोर्चा मंडल मंत्री जितेंद्र पुष्करना, बूथ अध्यक्ष हरीश धाकड़, विद्युत विभाग सहायक अभियंता जसवंत चौधरी , कनिष्ट सहायक अभियंता मुनेश चौधरी , पंचायत समिति प्रगति प्रसार अधिकारी मनराज मीणा, ग्रामपंचायत अरनिया जोशी सचिव हेमलता कुम्हार, कृषि पर्यवेक्षक कमलेश यादव , लोकेश धाकड़ पंडित मुकेश पुरोहित अध्यक्ष पालीवाल समाज , जिलाध्यक्षा रेखा पारख, उपाध्यक्ष नीलू शर्मा , सपना नाहर , कन्हैया लाल पालीवाल , पूर्व उपसरपंच किशन लाल धाकड़, श्याम लाल गोस्वामी, रमेश पुष्करणा, किशोर धाकड़ , शुभम पालीवाल , लोकेश दास वैष्णव , सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में संस्थान अध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, एचडीएफसी बैंक टीम, एकल अभियान स्वयंसेवकों एवं प्रधानाचार्य दशरथ टांक एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्थान आगे भी जनसेवा के ऐसे कार्य नियमित रूप से करता रहेगा।

# उदयपुर जूनियर वॉलीबॉल टीम डीडवाना रवाना



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

जूनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आगामी 6 दिसंबर को डीडवाना कुचामन में आयोजित होगी। जिला वॉलीबॉल संघ सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि जूनियर वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग की टीम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गई। सहसचिव मनोज सरसिया ने बताया कि उदयपुर बालक वर्ग में हर्ष चांवरिया को एवं खुशबू शर्मा को बालिका वर्ग में कप्तान बनाया गया। टीम को मौलिक संस्थान के निदेशक शिवराज सोनवाल एवं समाजसेवी महावीर कोठारी, डीएन धाभाई सहित सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

# पांसल गांव की रोड और जवाहर नगर के पीछे वाली सड़क पर गढ्ढे ही गढ्ढे



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले के पासंल गाँव रोड तथा जवाहर नगर के पीछे जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार समस्या उठाई, परंतु स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। समाजसेवी हेमेंद्र सिंह मेहता ने इस सड़क की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विधायक, नगर निगम सभापति एवं प्रशासन से आग्रह किया है कि आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराई जाए एवं सड़क को सुचारू एवं सुरक्षित बनाया जाए।

# कोशीथल विद्यालय के ग्रीन ग्रोथ स्किल अभियान में कुमावत प्रथम देशांतरी द्वितीय और रेगर तृतीय स्थान पर रहे

## चित्रकला प्रतियोगिता प्रभारी रमेश चंद्र वैष्णव ने प्रतियोगियों का उत्साह वर्धन किया

स्मार्ट हलचल



**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा निर्देशित ग्रीन ग्रोथ स्किल अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोशीथल में चित्रकला सहित क्विज, आशु भाषण, निबंध प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें चित्रकला में सुनील कुमावत प्रथम, राजेश देशांतरीं द्वितीय प्रवीण रेगर रहा। सभी विजेता व उपविजेताओं का प्रधानाचार्य सत्यनारायण गुर्जर, प्राध्यापक जसवंत सिंह चौधरी, भगवान सिंह,कुलदीपकुमार,वरिष्ठ अध्यापक रमेश चंद्र वैष्णव, बद्री लाल लौहार द्वारा सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के 143 छात्रों ने भाग लिया।

# प्रवीण तोगड़िया दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर रहेंगे

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



हिन्दू हृदय सम्राट व अंतरष्ट्रीय हिन्दू परिषद के सुप्रीमो प्रवीण तोगड़िया दो दिवसीय दौरे पर रविवार को भीलवाड़ा पहुंचेंगे,, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री मुकेश शर्मा ने बताया की तोगड़िया, का यह दौरा, संपूर्ण राष्ट्र मे एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र की स्थापना करना, यूनिफार्म सिविल कोड, गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा, व देश मे जन जागरण चेतना को लेकर कार्यकर्ताओ से संपर्क करेंगे। शर्मा ने बताया की तोगड़िया की दो दिवसीय यात्रा को लेकर संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# सगरेव विद्यालय की तीन छात्राएं राज्य स्तर पर खेलेंगी



स्मार्ट हलचल

रायपुर 5 दिसंबर,राज्य स्तरीय जिला वालीबॉल चैंपियनशिप में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सगरेव की तीन छात्राएं रोशनी शर्मा, ममता गुर्जर, रवीना बड़वा राज्य स्तर पर दिनांक 6 दिसंबर से 8 दिसंबर तक मालोसर कुचामन डीडवाना में भाग लेंगी। शारीरिक शिक्षक प्रकाश चंद्र जाट ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता हेतु तीनों छात्राओं ने शुक्रवार को संस्था प्रधान विक्की कुमार, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के विभाग संगठन मंत्री तेज बहादुर सिंह, कार्यालय अध्यक्ष श्याम लाल माली की उपस्थिति में प्रस्थान किया। ग्रामवासियों ने तीनों छात्रों के स्टेट वॉलीबॉल टीम में भाग लेने पर हर्ष व्यक्त किया।

# शाहपुरा के मोहित जाट करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

## वर्ल्ड स्कूल गेम्स 2025 के लिए भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयन

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा

यंग स्पोर्ट्स क्लब शाहपुरा के उभरते खिलाड़ी तथा राउमावि शाहपुरा के छात्र मोहित जाट का प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्कूल गेम्स 2025 के लिए भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयन हुआ है।

क्लब के अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार और सचिव राजेंद्र सिंह



धाभाई ने बताया कि मोहित 4 से 13 दिसंबर तक चीन के सांगलू शहर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

क्लब संरक्षक, भारतीय वॉलीबॉल संघ के पूर्व महासचिव एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि यह शाहपुरा के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि मोहित, क्लब से लगातार तीसरे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं—इससे पूर्व सूरज बंजारा और निखिल जाट भी इसी मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

वॉलीबॉल कोच नरेशपाल धाभाई ने बताया कि मोहित गत सत्र में एसजीएफआई की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं।

मोहित को शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में क्लब संरक्षक परिवार, स्वास्तिक भीलवाड़ा के राधेश्याम बहेडिया, अनिल बूलियां, ओथम इन्वेस्टमेंट के संजय डांगी, सुशील डांगी, उपाध्यक्ष अजय महता, कोषाध्यक्ष विनय डांगी, अनिल दत्त पुंडरीक, मूलचंद खटीक, ओमप्रकाश गुर्जर, रामदयाल चौधरी, अभयदेव कानावत, उप कारागृह जेलर प्रहलाद गुर्जर, शिक्षक संघ राष्ट्रीय के महेश शर्मा, अमर सिंह, मुकेश कुमावत, सीताराम चौधरी, प्रधानाचार्य अनिल बघेरवाल, कमलेश मीणा, ईश्वरलाल मीणा, शा.शि. अहमद बरकाती आदि शामिल रहे।

# टेकरी के हनुमान जी मंदिर में माता शबरी की कुटिया का होगा भव्य निर्माण



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा/गुरला

टेकरी के हनुमान जी मंदिर परिसर में माता शबरी की कुटिया मंदिर का भव्य निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शुक्रवार को निर्माण कार्य से संबंधित पोस्टर का विधिवत विमोचन हरी सेवा धाम में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के मार्गदर्शन व बाबाजी सा. चंद्रवीर सिंह पुरावत और महंत पुनीत दास त्यागी के नेतृत्व में किया गया।

स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि माता शबरी की तपोभूमि और उनकी भक्तिमय परंपरा को संरक्षित एवं समर्पित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से यह कुटिया भक्तों के लिए अध्यात्म और सेवा का केंद्र बनेगी। उन्होंने मंदिर परिसर के विशाल विकास कार्यों की रूपरेखा भी साझा की।

संस्था अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया कि कुटिया निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई मूलभूत व्यवस्थाएँ भी की जाएँगी। विमोचन कार्यक्रम के दौरान महंत पुनीत दास त्यागी, संत मायाराम, राजाराम, गोविंदराम, ब्रह्मचारी कुनाल, मिहिर, योगेंद्र सिंह पंवार, संस्था कोषाध्यक्ष ओम बुनकर, कन्हैयालाल तथा राजकुमार माली, पंकज आडवाणी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ उपशाखा फुलिया कलां की बैठक: शिक्षा और समर्पण की मिसाल

## 'हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ' का संदेश देते हुए शिक्षकों ने साझा की अपने कर्तव्य की प्रतिबद्धता

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा फुलिया कलां की बैठक आज बीड़ के बालाजी स्थल पर आयोजित की गई, जिसने उपस्थित सभी शिक्षकों और कार्यकर्ताओं को शिक्षा के प्रति समर्पण और संगठन की मजबूती का जीवंत संदेश दिया। बैठक की अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष रामगोपाल मीणा ने की। इस अवसर पर प्रवासी कार्यकर्ता जगदीश गुर्जर, अजमेर संभाग संयुक्त मंत्री, उपस्थित रहे और उन्होंने संगठन को सुदृढ़ बनाने, आपसी सहयोग बढ़ाने और प्रत्येक शिक्षक तथा कार्यकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाने पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि समाज और बच्चों के जीवन में दिशा देने वाले भी हैं।

बैठक में प्रधानाचार्य सत्यनारायण सुथार ने 'हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ' विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षण का स्थान नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों का केंद्र भी होना चाहिए। उन्होंने यह संदेश दिया कि हर शिक्षक का समर्पण और मेहनत विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल



बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता है।

पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा, शाहपुरा उपशाखा से राकेश सोनी, नवरतन मल बगड़िया और अन्य सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत होने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक संगठन के माध्यम से आपसी सहयोग और समस्याओं के समाधान से अपने विद्यालयों और समुदाय में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

जगदीश गुर्जर ने प्रेरित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और शिक्षकों के हितों की रक्षा केवल व्यक्तिगत प्रयास से नहीं, बल्कि मिलकर काम करने और एक-दूसरे का समर्थन करने से ही संभव है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को केवल कर्तव्य नहीं बल्कि समाज सेवा के रूप में लें। बैठक में उपशाखा अध्यक्ष रामगोपाल मीणा, मंत्री सत्यदेव पुरोहित, सभाध्यक्ष सत्यनारायण गुर्जर, प्रधानाचार्य शंकरलाल जाट, महावीर जाट, सदस्य ओमप्रकाश चौधरी, चंद्रप्रकाश स्वर्णकार, मनोज पारीक, महावीर प्रसाद शर्मा समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन शिक्षकों के समर्पण, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और शिक्षा के उज्जवल भविष्य के संदेश के साथ हुआ।

# पीएमएवाई लाभार्थियों को KDA की अंतिम चेतावनी: 12 दिसंबर तक जमा कराएं दस्तावेज, वरना रद्द हो सकती है 1.50 लाख की ग्रांट

## योजना की मियाद 31 दिसंबर को हो रही समाप्त; कलेक्टर ने की समय पर दस्तावेज जमा कराने की अपील

स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को कड़ा आगाह किया है। प्राधिकरण ने श्रेणी के समस्त आवंटियों को 1.50 लाख की अनुदान राशि की आगामी किस्तें (द्वितीय एवं तृतीय) प्राप्त करने हेतु 12 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से दस्तावेज जमा कराने का अंतिम अवसर दिया है।

दस्तावेज जमा न कराने की स्थिति में न केवल आगामी किस्तें रुक जाएंगी, बल्कि पूर्व में प्राप्त किस्तें भी निरस्त की जा सकती हैं।

### स्कीम की अंतिम तिथि और कलेक्टर की अपील

जिला कलेक्टर श्री पीयूष सामरिया ने लाभार्थियों से अपील की है कि आवास योजना (शहरी) 1.0 की समय सीमा 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रही है। अतः यह दस्तावेज़ जमा कराने का अंतिम मौका है। उन्होंने कहा कि समय पर दस्तावेज प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिल सके।




सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार लाभार्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर अपलोड करवाने के लिए जमा कराने होंगे: आवंटन पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।

स्वयं एवं पति-पत्नी का (अविवाहित/विधवा की स्थिति में परिवार के सदस्य का) अपडेटेड आधार कार्ड।

बैंक पासबुक की स्वप्रमाणित प्रति (मोबाइल नंबर लिंक होना अनिवार्य है)।

**शिविर और कार्यालय में जमा करने की सुविधा**

लाभार्थियों की सुविधा के लिए चष्ठ द्वारा विभिन्न योजनाओं में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। यदि लाभार्थी कैंप में दस्तावेज जमा नहीं करा पाए हों, तो वे सीधे चष्ठ कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

**सीधे कार्यालय में जमा कराएं:**

रानपुर अफोर्डेबल आवासीय योजना और देवली अरब रोड स्थित पार्थ अपार्टमेंट के आवेदक अपने दस्तावेज 12 दिसंबर तक सीधे चष्ठ कार्यालय, मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या 126 में जमा करवा सकेंगे।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**बारां।** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कोटा श्रीमती ममता कुमारी तिवारी ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बटावदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर की जांच की गई, जो अपेक्षित मानकों के अनुरूप संतोषजनक नहीं पाया गया। कक्षा 5 की छात्राओं से हिन्दी एवं अंग्रेजी की पुस्तकों के कुछ अंश पढ़ने को कहा गया, किन्तु एक भी छात्रा पाठ नहीं पढ़ सकी, जिस पर उन्होंने गंभीर असंतोष व्यक्त किया। इस दौरान उपस्थित विषयाध्यापिका एवं उप प्रधानाचार्य को शिक्षा स्तर में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने विद्यालय भवन का भी निरीक्षण किया तथा परिसर में स्वच्छता की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। विद्यालय निरीक्षण के बाद श्रीमती तिवारी ने प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र, बटावदा का निरीक्षण किया, जहाँ व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने कहा कि 'शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है।

# सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिवस के उपलक्ष में स्वच्छता पर जन जागृति अभियान



स्मार्ट हलचल| बूंदी

कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र के सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के जन्मदिवस के उपलक्ष में भाजपा नेता मन की बात के जिला संयोजक भरत शर्मा द्वारा चलाए गए साप्ताहिक अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के के युवाओं ने रामेष्ट युवा संगठन के साथ मिलकर स्वच्छता पर जन जागृति अभियान का आगाज बायपास रोड से शुरू किया । इस पुनीत कार्य में नगर परिषद की सभापति सरोज अग्रवाल उपस्थित रही । उन्होंने बताया की बूंदी को स्वच्छ बनाने के लिए 5 करोड़ का कंपनी को टेंडर दिया गया है जो 10 दिन में अपने कार्य की शुरुआत कर देगी और लगभग 14 टिप्पर कचरा संग्रहण करने के लिए बूंदी में आ चुके हैं । जल्दी ही उनकी जीपीएस चालू करके गली-गली वार्ड में कचरा संग्रहण करने के लिए वो घर-घर जाएंगे सभी बूंदी वासियों से अपील है कि आप सभी बूंदी को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें । लोगो को जागरूक करे । अभियान से जुड़े भरत शर्मा ने बताया कि हर रविवार को पर्यटक स्थलों पर सफाई अभियान जारी रहेगा शहर के सभी सामाजिक संगठनो से अपील की है कि इस पुनीत कार्य में सब लोग अपना यथा संभव योगदान दें इस स्वच्छता अभियान में शक्ति तोसनीवाल ,धर्मजीत सिंह , रोशन गेंघट, कोमल प्रजापत, लखन वर्मा, देवा गुर्जर, हरिओम शर्मा, रोहन गुर्जर, दीपक , लक्षित सैनी, मनीष प्रजापत, मिलन कुशवाह, धैर्य सिंह,बंटी पंचोली, अनमोल शर्मा, अमित शर्मा, चेतन्य सनाढय, शंकर डागर, सोनू, राहुल सेन, शुभम गौतम, विवेक गुर्जर, निशांत मेघवाल सहित शहर के सैकड़ो युवाओं ने भाग लिया ! युवा संगठन जिला अध्यक्ष चेतन पंचोली ने सभी पहुंचे युवा साथियों को आभार धन्यवाद दिया।

# युवा महोत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

स्मार्ट हलचल

**बारां।** राजस्थान युवा बोर्ड तथा युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन गुरुवार शाम को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा के तत्वावधान में स्टेशन रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं की प्रस्तुति से कला और संस्कृति का वातावरण जीवंत हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

महोत्सव में मुख्य अतिथि उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल रहे, अध्यक्षता समाजसेवी आनंद गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गैंदालाल रैगर, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक हरिचन्द्र प्रजापति, प्रधानाचार्य रेखा सक्सेना रहे।



मुख्य अतिथि मेघवाल ने महोत्सव को संबोधित करते हुए युवाओं को भारत के विकास के प्रमुख चालकों के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिक भागीदारी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा ऐसे कार्यक्रमों को सतत जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे गर्ग ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास एवं विकसित भारत के मंत्र को लेकर युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम बनाने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के आयोजनों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि रैगर ने उद्बोधन में राज्य की दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रोत्साहन पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम प्रभारी रतन सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को मंच प्रदान करना और उनकी प्रतिभाओं को निखारना है। महोत्सव में जिले के सैकड़ों ग्रामीण प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूर्व में पंजीकृत संभागियों ने राजस्थानी एवं राष्ट्रीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न लोक कलाओं में अपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव में सामूहिक नृत्य सामूहिक गान, एकल नृत्य, एकल गान, राष्ट्रीय संस्कृति पर आधारित भाषण, कविता लेखन, मांडना, हैंडीक्राफ्ट, चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सूरज भारती, लखन सिंह, हेमलता डोली, शिवानी भार्गव, लक्ष्मी कुमारी, दीपक पूर्ति, रितिका मेघवाल, दिशा रावल, प्रियांशी, तेजस्वी सृष्टि शर्मा, पूनम महावर, मुस्कान साहू, रवीना, मयंक, शिवानी रावल, वासुदेव एरवाल, राजू एरवाल को पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रथम प्रतिभागी को एवं अन्य चयनित प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपए की नकद राशि और प्रमाण पत्र आदि से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मीठालाल माली व राज्य संदर्भ व्यक्ति दिनेश वैष्णव ने सहयोग किया।

# कच्ची दीवार ढहने से युवक घायल, देईखेड़ा कस्बे की घटना



स्मार्ट हलचल| लाखेरी

देईखेड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को कच्ची दीवार के ढहने से उसकी चपेट में आने से एक युवक गम्भीर घायल हो गया। युवक को देईखेड़ा राजकीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उपचार के लिये कोटा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार देईखेड़ा निवासी चालीस वर्षीय ओंकार लाल मीणा मजदूरी पर कस्बे में एक जगह मकान निर्माण के लिये नींव की खुदाई का कार्य कर रहा था, तो पास में मौजूद पुरानी कच्छी दीवार भरभराकर ढह गई। जिसकी चपेट में वहां मजदूरी कर रहा ओंकार आ गया घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरत फुरत में दीवार का मलबा हटा कर युवक को बाहर निकाला और देईखेड़ा के राजकीय अस्पताल में लेकर गए। जहां हादसे में युवक के अंदरूनी चोटे आने से चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद कोटा इलाज के लिये रेफर कर दिया।

# डॉ डी के गुप्ता बने नर्सिंग होम असोसिएशन के अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | सहारनपुर

यूपी नर्सिंग होम एसोसिएशन सहारनपुर ब्रांच के वर्ष 2027 के चुनाव आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण शर्मा और यूपी नर्सिंग होम असोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर मोहन पांडे की देखरेख में संपन्न हुए। एसोसिएशन के सदस्यों ने डॉक्टर सुभाष सहगल को वर्ष 2027 के लिए प्रेसिडेंट इलेक्ट नियुक्त किया।



वर्ष 2026 के लिए डॉक्टर डी के गुप्ता नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपनी नई टीम का गठन किया। जिसमें डॉक्टर राहुल सिंह को सचिव डॉक्टर अमित पांडे को कोषाध्यक्ष एवम डॉ प्रशांत खन्ना व डॉ वंदना आर्य उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

नर्सिंग होम एसोसिएशन एवं आईएमए के सदस्यों ने नव निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर डॉक्टर,डॉ नरेश नौसरान, डॉ रिक्की चौधरी, डॉ सी एम कमाल, डॉ नीरज आर्या, डॉ आर एन बंसल, डॉ रवि ठक्कर, डॉ अनुपम मलिक, डॉ पूनम मखीजा, डॉ कलीम अहमद, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ रेणु शर्मा, डॉ विजय अग्रवाल डॉ जयपाल सिंह, डॉ सुदर्शन नागपाल, डॉ गुनिता जैन, डॉ रोबी गुप्ता, डॉ राजेश शर्मा, डॉ राज खन्ना,डॉ संजीव मिगलानी, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ विवेक बनर्जी, डॉ मनु कपिल, डॉ पुनीत खुराना, डॉ रेणु सिंघल, डॉ गायत्री सहगल, डॉ आदि उपस्थत रहे।

जुरहरा सैनी समाज की बड़ी पहल

# मृत्युभोज पर लगाई पाबंदी

स्मार्ट हलचल| जुरहरा

जिला डीग रेखचंद्र भारद्वाजः जुरहरा सैनी समाज ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सामाजिक कुरीति मृत्युभोज पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। जुरहरा क़स्बे में सैनी समाज की कार्यकारिणी ने स्थानीय सैनी समाज में मृत्युभोज आयोजित करने व क़स्बे में अन्य मृत्युभोज कार्यक्रमों में शामिल होने होने पर रोक लगा दी है। सैनी समाज जुरहरा के पूरनलाल सैनी, भिक्कन लाल सैनी व बच्चू सैनी ने बताया कि मृत्यु भोज एक सामाजिक बुराई है जिससे समाज के गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ता है और वे मृत्युभोज की सामाजिक बुराई को निभाने के चक्कर में कर्ज के तले दबने के लिए मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मृत्युभोज एक अभिशाप है क्योंकि यह एक सामाजिक कुरीति है जो शोक संतप्त परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डालती है जिससे कर्ज और मानसिक तनाव बढ़ता है।मृत्युभोज को समाप्त करने के लिए सामाजिक जागरूकता और ठोस कदमों की आवश्यकता है।

# ग्रीन पीपल सोसाइटीकी बैठक सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ग्रीन पीपल सोसाइटी की बैठक आज उदयपुर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष श्री विक्रम सिंह ने की। सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि बैठक में आगामी जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में जयपुर में आयोजित होने वाले बर्ल्ड फेस्टिवल की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही समिति की ओर से आयोजित किए जाने वाले 'पैडल टू जंगल' कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई।समिति द्वारा पब्लिक पीपल पार्टिसिपेशन के अंतर्गत पर्यावरण सुधार के लिए किए जाने वाले कार्यों की प्रारंभिक योजना भी तैयार की गई।बैठक में डॉ. ललित जोशी, श्री प्रताप सिंह चुंडावत, श्री सुहेल मजबूर, श्री इंद्रजीत माथुर एवं श्री श्याम दवे सहित अन्य सदस्य उपस्थत रहे।

# सीएफसीएल एवं स्पोर्ट्स विलेज फाउंडेशन द्वारा आयोजित उड़ान ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 का समापन सम्पन्न हुआ

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** चंबल फर्टिलाइजर्स केमिकल्स लिमिटेड एवं स्पोर्ट्स विलेज फाउंडेशन के द्वारा 01 दिसंबर से 05 दिसंबर 2025 तक पांच दिवसीय उड़ान ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 का आयोजन पेट्रोल पंप के सामने खेल मैदान दीगोद में किया गया इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की मशहूर 32 टीमें भाग लिया है ! आज दिनांक 5 दिसंबर 2025 शुक्रवार को इस भव्य आयोजन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री दीपक महावर जी एसडीएम दीगोद और विकास भोले जी सीएसआर हेड, मनोज तिवारी जी सिमलिया एसएमसी अध्यक्ष गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल सिमलिया, श्रीमती मनीषा मीणा प्राचार्य ,श्रीमती गिरिजा




मीणा शारीरिक शिक्षिका राज. उच्च माध्यमिक विद्यालय दीगोद, जगदीश प्रसाद गोचर असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय दीगोद, अनुराग मालव असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय दीगोद । स्पोर्ट्स विलेज प्रोजेक्ट मैनेजर देवजीत पॉल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अमित पांडे, टूर्नामेंट प्रभारी परवेज नूरी और किशन गुर्जर शहजाद अली ओर सभी एस वी एफ टीम उपस्थित रही । आज के दिन दो सैमी फाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया जिसमें कोटा स्पोर्ट्स कोटा बनाम धुंधाड़ा क्रिकेट क्लब डाबर के मध्य खेला गया जिसमें कोटा स्पोर्ट्स कोटा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरो में 8 विकेट गवा कर 132 रनों का लक्ष्य दिया और धुंधाड़ा क्रिकेट क्लब डाबर को 9.2 ओवरों में 69 रनों पर ऑल आउट कर इस प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया ।

वहीं प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड असलम खान उर्फ अफरीदी कोटा स्पोर्ट्स, बेस्ट बैट्समैन जिगर अहमद कोटा स्पोर्ट्स, बेस्ट बॉलर आशिक खान धुंधाड़ा क्रिकेट क्लब से रहे।

# नवनीत कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा का हुआ भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**वैर।** कस्वा वैर के पास गांव रायपुर में हवलदार भरत सिंह पुत्र मंगतू, फत्ते सिंह के निजी निवास पर नवनीत कांग्रेस जिला अध्यक्ष होने पर दिनेश सूपा किया भव्य स्वागत, पूर्व प्रधान तोताराम झालाटाला ,अजीत ताजपुर हरवान सरपंच, दरबारी सरपंच, मैंवाराम वारा, रामवीर मोंलौनी, मेघाराम पूर्व सैनिक संघ बयाना बलराम, मानसिंह कैप्टन, सुगर खेरौरा एवं समस्त टीम का माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। जिसमें सहायक गांव के व्यक्ति कैलाश चंद्र, राजू गुर्जर, रामसहाय ,रमेश, चतर सिंह, पूर्व महेश सेक्रेटरी, अतर सिंह, कैप्टन हरि सिंह, लक्ष्मण सिंह ठेकेदार ,उपसरपंच हिम्मत सिंह, स्वरूप,ने सभी का स्वागत किया और बाहर से आए महाना परिवार के सभी का जिसमें दूर दराज से बांदीकुई कोई माडौली, ग्वालियर आदि स्थानों से सभी का गांव के व्यक्तियों ने एक दूसरे का सम्मान किया।

# बीजेपी नेता गजेन्द्र जाट को मातृशोक

## सांत्वना देने पहुंची कामां विधायक नौक्षम चौधरी



स्मार्ट हलचल

**जुरहरा।** जुरहरा कस्बा निवासी बीजेपी नेता गजेंद्र जाट की माँ श्रीमती चंद्रा देवी पत्नी स्व. ज्ञानसिंह का स्वर्गवास हो गया। उनके निधन का समाचार प्राप्त होने पर शुक्रवार को कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने बीजेपी नेता के आवास पर पहुंचकर उन्हें व उनके परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उनके साथ भगवान सिंह फौजदार अध्यक्ष जाट समाज कामां, देवेंद्र सरपंच बौलखेड़ा, भग्गी थानेदार पहाड़ी, बच्चू बुराना, राजीव अग्रवाल, डॉ. महेशचंद शर्मा, साधुसिंह जिला मंत्री, बलदेव सहसन, प्रमोद खंडेलवाल, कुक्की खण्डेलवाल, नेतराम चंदन, रोशन उपसरपंच, पप्पू शर्मा, मदन मोहन सरपंच व गजराज़ आर्य सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के आरोप में 6 जने गिरफ्तार, कब्जे से पांच एण्ड्रोईड मोबाईल फोन व आठ फर्जी सिम कार्ड जब्त

## सोशल मीडिया पर दूध देने वाली गाय-भैंसो को सस्ते दामों में बेचने का विज्ञापन डालकर करते थे ठगी

स्मार्ट हलचल| जुरहरा

स्थानीय थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के आरोप में 6 जनों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से पांच एंड्राइड मोबाइल फोन व 8 फर्जी सिम कार्ड जप्त किए हैं। जुरहरा थानाधिकारी अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि दिनांक 04.12.2025 को थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए जुरहरा से सतपुडा की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित गैस एजेन्सी के पास ग्राम सतपुडा के खेतों में बैठकर साईबर ठगी हुए 6 मुल्जिमान को गिरफ्तार



किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि दिनांक 04.12.2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि जुरहरा से सतपुडा की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित गैस एजेन्सी के सामने खेतों में बैठकर कुछ व्यक्ति सायबर ठगी कर रहे हैं। जिस पर थाना जुरहरा पुलिस टीम मौके पर पंहुची जहां पर कुछ व्यक्ति मोबाइल फोन चलाते हुए दिखाई दिए। जिस पर पुलिस टीम ने जुरसेद पुत्र बिल्लू जाति मेव निवासी बमनवाडी थाना जुरहरा, सोहेल पुत्र टिल्लू जाति मेव निवासी बमनवाडी थाना जुरहरा, मजलिस पुत्र मूसा जाति मेव निवासी पालडी थाना कामां, सोयब पुत्र पप्पू जाति मेव निवासी पालडी थाना कामां, आलिम पुत्र महमूद जाति मेव निवासी ग्राम घोसिंगा थाना जुरहरा, मोमीन पुत्र जमशेद जाति मेव निवासी जलालपुर थाना उटावड को जरिये फर्द गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच एण्ड्रोईड मोबाइल फोन व आठ फर्जी सिम कार्ड जब्त किये गए हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा का पदभार समारोह आज

स्मार्ट हलचल| बूँदी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा का पदभार ग्रहण समारोह आज दोपहर 1:00 बजे राजकीय महाविद्यालय के सामने रंजीत निवास रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश सोनी ने बताया कि पदभार ग्रहण समारोह के उपरांत वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली की तैयारी एवं एस आई आर के संबंध में जिला बैठक भी आयोजित होगी। कार्यक्रम में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा हिंडोली विधायक अशोक



चांदना केशोरायपाटन विधायक सी एल प्रेमी पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी महासचिव प्रतिष्ठा यादव एवं बूंदी जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# केशव ज्वेलर्स में चोरी का प्रयास नाकाम, जागरूकता ने करोड़ों का माल बचाया

## लाल स्विफ्ट डिजायर में आए बदमाश, बदमाशों को देखने से सतर्कता ने खेल बिगाड़ दिया, ज्वेलर्स के किसी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं हुआ

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** पुष्कर राजकीय चिकित्सालय के सामने स्थित केशव ज्वेलर्स में शुक्रवार को प्रातः चोरी का प्रयास किया । पांच बदमाश लाल रंग की पुराने मॉडल की स्विफ्ट डिजायर से पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर एक ड्राइवर वाहन संभाल रहा था, एक बाहर सुरक्षा में खड़ा था, और तीन लोग दुकान के ताले तोड़कर चोरी में व्यस्त थे। यदि कोई रोकथाम नहीं होती तो करोड़ों रुपये के आभूषण लूट लिए जाते। बताया जाता है कि जगदीश कुर्डिया की सतर्कता और सक्रियता के कारण चोरों का प्लान पूरी तरह नाकाम हो गया। बदमाशों



को भागना पड़ा और किसी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। पुलिस मौके पर पहुँचकर जांच में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज में चोरों ने कैमरों पर चिपचिपा पदार्थ लगाया था, जिससे रिकॉर्डिंग धुंधली हो गई यह दर्शाता है कि यह वारदात पूर्व योजना के साथ की गई थी। दुकान की कड़ी सुरक्षा और स्थानीय जागरूकता ने करोड़ों रुपये के आभूषण चोरी होने से बचाया। घटना स्थल पुलिस चौकी से कुछ ही कदम की दूरी पर है, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। जनता कह रही है–चोर हौसला बढ़ा रहे हैं और पुलिस केवल बयान में ही सक्रिय दिखती है।

# बीमा जंक्शन सम्मान समारोह सम्पन्न, 27 क्लब क्वालिफ़ायर्स सम्मानित



स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** बिमा जंक्शन ने आज अपनी वार्षिक मीट एवं सम्मान समारोह में पिछले वर्ष के 27 क्लब क्वालिफ़ायर्स को सम्मानित किया। सी स्कीम यूनिट के 14 और डीसीएम यूनिट के 13 सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डायरेक्टर क्लब - यूरोप ट्रिप विनर्स का सम्मान रहा, जिनमें अमित दीक्षित, हार्दय शर्मा, महेश सोनी सहित कुल 10 विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केयर हेल्थ इंश्योरेंस के राहुल पचौरी, प्रेम पटवा और नवीन खत्री व विमल जैन ने भी विशेष रूप से शिरकत की।

बिमा जंक्शन के फाउंडर एवं सीईओ हिम्मत सिंह नाथावत ने घोषणा की कि कंपनी आने वाले वर्ष में 50 क्लब क्वालिफ़ायर्स का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। साथ ही राजस्थान में विस्तार और यूपी-महाराष्ट्र के चुनिंदा क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति बनाने की योजना भी साझा की। कंपनी जल्द ही अहमदाबाद में अपना ग्लोबल बिजनेस ब्रांच शुरू करेगी।

सह-संस्थापक संदीप कुमार ने बताया कि आगामी वर्ष में आक्रामक भर्ती और संरचित ट्रेनिंग मॉडल के ज़रिए मजबूत सेल्स फोर्स तैयार की जाएगी। साथ ही एक दिन में 2,000+ इंश्योरेंस एडवाइजर्स को प्रशिक्षित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

# बानसूर में उधारी के पैसे को लेकर विवाद



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बें के अलवर बाईपास रोड़ पर पैसे के लेनदेन को लेकर कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन पर हमला कर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें कुछ युवक जेसीबी में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे है। घटना कों लेकर जेसीबी मालिक ने बानसूर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित विजय चौधरी ने बताया कि महनपुर के रहने वाले सुरेश राजपूत को करीब 4-5 साल पहले एक लाख रूपये उधार दिए थें। शुक्रवार जब वह मेरे ऑफिस के आगे से जा रहा था तों मैंने उसको रुपए लौटाने के लिए कहा। इस पर वह गुस्सा हों गया औंर पैसे न देने की बात कहने लगा औंर वहां से चला गया औंर मैं भी ऑफिस से अपने घर आ गया। इस दौरान सुरेश राजपूत अपने साथियों के साथ आया और जेसीबी में तोड़फोड़ कर दी औंर मौके से फरार हो गए। घटना ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित विजय चौधरी ने बानसूर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

# एमएमपीए से विदेश में पढ़ाई करने वालों की राह हुई आसान

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

भारत सरकार विदेश में भारतीय स्टूडेंट्स के हितों और भलाई की सुरक्षा को बहुत प्राथमिकता देती है। सरकार ने पार्टनर देशों के साथ माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट (एमएमपीए) के रूप में इंस्टीट्यूशनल बाइलेटरल कोऑपरेशन किया है। यह एग्रीमेंट भारतीय स्टूडेंट्स और रिसर्चर्स को विदेश जाने में कानूनी मदद देने का फ्रेमवर्क बनाता है, जिससे उनकी सेफ्टी, सिक्योरिटी और वेलफेयर पक्का होता है।

विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि कई देशों के साथ हुए एमएमपीए से विदेश में पढ़ाई की चाहत रखने वालों की राह आसान हुई है। दरअसल आम आदमी पार्टी के सांसद अशोक कुमार मित्तल ने सवाल पूछा था कि विदेश में स्टूडेंट्स की सुरक्षा और पढ़ाई जारी रखने के लिए सरकार



होस्ट देशों के साथ नए बाइलेटरल फ्रेमवर्क पर कैसे बातचीत कर रही है। सिंह ने विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने जवाब में बताया कि अभी तक सरकार ने सात देशों के साथ माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट किया है, जिनमें फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया, इटली और डेनमार्क शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा पार्टनर देशों के साथ एमएमपीए का मकसद स्टूडेंट्स के लिए वीजा प्रोसेस को आसान बनाना, स्टूडेंट मोबिलिटी को बढ़ाना, हायर एजुकेशन के मौकों को बढ़ावा देना और साथ ही अलग-अलग तरीकों से पढ़ाई के बाद के रास्ते को आसान बनाना है, जिसमें टेम्परारी वर्क परमिट जारी कराने में सहायता करना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि भारतीय मिशन विदेशी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे भारतीय स्टूडेंट्स के साथ रेगुलर संपर्क बनाए रखते हैं। एम्बेसी के अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली यूनिवर्सिटी और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में भी जाते हैं, ताकि इंडियन स्टूडेंट्स और स्टूडेंट एसोसिएशन से बातचीत कर सकें और कोर्स की क्रेडिबिलिटी या क्वालिटी से जुड़े किसी भी मुद्दे का पता लगा सकें।

कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा इमरजेंसी के दौरान भारत सरकार ने स्टूडेंट्स सहित इंडियन नागरिकों को बचाने और घर लाने के लिए बड़े पैमाने पर इवैक्यूएशन ऑपरेशन किए हैं। हाल के खास इवैक्यूएशन ऑपरेशन में ऑपरेशन देवी शक्ति (अफ़गानिस्तान), ऑपरेशन गंगा (यूक्रेन), ऑपरेशन कावेरी (सूडान), ऑपरेशन अजय (इजरायल) और ऑपरेशन सिंधु (इजरायल तथा ईरान) शामिल हैं। ये कोशिशें विदेश में पढ़ रहे इंडियन स्टूडेंट्स की सुरक्षा और भलाई पक्का करने और उन्हें शरारती तत्वों तथा असुरक्षित सुरक्षा स्थितियों से बचाने के लिए मिनिस्ट्री के कमिटमेंट को दिखाती हैं।

# सावर-गोरधा रोड पर बढ़ रहा हादसों का खतरा

## आरडीएसएस योजना में लापरवाही, सड़क किनारे खड़े कर रहे बिजली पोल



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** केंद्र सरकार की आरडीएसएस ('छ्स्स् पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना) के तहत क्षेत्र में बिजली ढांचे को मजबूत करने के लिए नए बिजली पोल लगाए जा रहे हैं, लेकिन सावर से गोरधा रोड पर सुरजपुरा व किडवा झोपड़ा के पास विभागीय लापरवाही लोगों के लिए खतरा बन गई है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि योजना के तहत लगाए जा रहे बिजली पोलों को सड़क के बिल्कुल किनारे गाड़ा जा रहा है, जिससे हर समय हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि आरडीएसएस योजना का उद्देश्य बिजली व्यवस्था को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाना है, लेकिन जमीन पर इसका उल्टा नजारा दिख रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की रफ्तार और रात के समय कम रोशनी के कारण यह पोल हादसों को न्योता दे रहे हैं। इससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों की जान जोखिम में पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने पोलों को सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट नहीं किया तो आने वाला समय गंभीर दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से बिना देरी उचित कार्रवाई करने तथा आरडीएसएस योजना के मूल उद्देश्य–सुरक्षा व सुधार–का पालन करने की मांग की है।

# बैठक में 14 श्रमिक संगठनों ने किया नई श्रम संहिताओं का स्वागत

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** देश के 14 श्रमिक संगठनों ने विस्तृत विचार विमर्श के बाद हाल ही में देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं का जोरदार स्वागत किया है।

अवगत कराते चलें कि इस संदर्भ में देश के 14 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच कॉन्फेडरेशन ऑफ़ सेंट्रल ट्रेड यूनियन (कंसेंट) की राष्ट्रीय वर्चुअल बैठक भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने की। देश के प्रमुख संगठनों के शीर्ष प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में हाल में ही देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बी.एम.एस. के महामंत्री रविन्द्र हिमते एवं कंसेंट के राष्ट्रीय संयोजक एवं एन. एफ. आई.टी.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल द्वारा संचालित इस बैठक में बी.एम.एस. के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने सभी संगठन के प्रतिनिधियों को एक्शन प्लान के बारे में मार्गदर्शन दिया।

इस बैठक में मुख्या रूप से बी.एम.एस तथा एन.एफ.आई.टी.यू. के प्रतिनिधियों के साथ-साथ टी.यू.सी.सी. के महासचिव एस.पी. तिवारी, हच.एम.के.पी. से राकेशमणि पाण्डेय, ए.आई.बी.ई.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण गिरी, फॉरवर्ड सीमेंस यूनियन ऑफ इंडिया के (एफ.एस.यू.आई.) के महासचिव कैप्टेन अतुल इंदुरकर, एच.एम.के.यू. के महासचिव इन्द्रदेव मेहतो, आई.एन.टी.यू.सी. के महासचिव के.के. तिवारी ,सचिव रजनीश सेठ, ई-श्रम कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव शरत नाहक, कश्मीर लेबर यूनियन के अध्यक्ष मो. अशरफ गनी, भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के महासचिव डॉ. परिमल कान्ति मॉडल, नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशरी वर्कर्स के महासचिव एन. बालामुरुगन, फाइट फॉर राईट के संयोजक एडवोकेट उमंग बंसल, एन. एफ. आई.टी.यू. के महासचिव डॉ. विराट जायसवाल, सचिव सुनील कुमार और राकेश मालवीय शामिल हुए।

बैठक में इन सभी 14 श्रमिक संगठनों ने एकमत होकर कहा कि चारों नए लेबर कोड का लागू होना देश के श्रमिक वर्ग के लिए एक ऐतिहासिक, परिवर्तनकारी और अत्यंत आवश्यक सुधार है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के संकल्प और प्रयासों का ही परिणाम है। बैठक में सभी संगठनों ने यह भी कहा कि नए श्रम कानून देश के करोड़ों श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं, प्रवासी मजदूरों तथा गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षा मानकों और अधिकारों की मजबूत गारंटी प्रदान करेंगे। प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय को सही मायने में श्रमिकों की जीत बताते हुए यह भी तय किया गया कि सभी संगठन देशभर में श्रमिकों और युवाओं तक नए कानूनों की सही, सरल और तथ्यात्मक जानकारी पहुँचाने के लिए ना केवल एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएँगे बल्कि इसके अंतर्गत ग्राउंड लेवल पर जाकर, सेमिनार, कार्यशालाएँ, नुक्कड़ नाटक, चौपाल, जनसभाएँ और जागरूकता अभियानों का भी आयोजन करेंगे।

# बीमा कम्पनी के विरुद्ध 1.5 लाख का अवार्ड पारित

|**चित्तौड़गढ़।** जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग ने बीमित केसीसी ऋण धारक की मृत्यु पर बीमा कम्पनी को 1.5 लाख रुपये क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार आनन्द विहार निवासी परिवादिया रतन देवी पुरोहित ने अधिवक्ता भगवत सिंह गिलुण्डिया, कुलदीप सुहालका, राजकुमार वैष्णव के मार्फत जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग में परिवाद पेश कर बताया कि उनके पति उदयलाल ने अपने जीवनकाल में विपक्षी केनरा बैंक से केसीसी ऋण ले रखा था। ऋण के साथ पर्सनल एक्सीडेन्ट स्कीम के तहत 8 रुपये प्रिमियम से डेढ़ लाख रुपये का बीमा किया हुआ था, जो प्रतिवर्ष रिन्यूवल किया जाता रहा। इसी अवधि में खाताधारक उदयलाल पुरोहित के कृषि कार्य के दौरान जहरीले जानवर के काटने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। बीमा क्लैम आवेदन का प्रस्तुत करने पर बीमा कंपनी व बैंक द्वारा स्क्रब टायफस बीमारी को दुर्घटना नहीं माना और बीमा राशि अदा नहीं की। प्रकरण में सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष जगमोहन अग्रवाल व सदस्य हर्ष अरोरा ने बीमित व्यक्ति की मृत्यु को दुर्घटना माना और बीमा कम्पनी को डेढ़ लाख रुपये बीमा राशि मय ब्याज दिलाये जाने का आदेश दिया।

# एंकर प्रीति सक्सेना के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर में 103 यूनिट रक्त संग्रह, समाज सेवा की मिसाल

स्मार्ट हलचल

**जयपुर ।** एंकर प्रीति सक्सेना ने अपने जन्मदिवस को मानव सेवा के प्रति समर्पित करते हुए इस वर्ष भी समाज हित में एक प्रेरणादायी कदम बढ़ाया। राजा पार्क, गली नंबर 3 स्थित राम मंदिर परिसर में उनके सौजन्य से भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 103 यूनिट रक्त दान किया। यह रक्त विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए उपयोग किया जाएगा, जिससे जरूरतमंदों को नई जिंदगी की उम्मीद मिलेगी। पिछले 15 वर्षों से प्रीति सक्सेना हर वर्ष अपने जन्मदिन पर सेवा कार्यों का आयोजन करती आ रही हैं। इस बार भी उन्होंने उसी परंपरा को आगे बढ़ाते



हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला यह शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयपुर हवा महल के सांसद रामचंद्र बोहरा ने दीप प्रज्वलन कर किया। चूंकि यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर हुआ, इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और सुबह 10 बजे से ही रक्तदान का सिलसिला लगातार चलता रहा। कार्यक्रम में कई विशिष्ट जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही, जिनमें – सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान •छ्क्क के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, पूर्व जयपुर मेयर ज्योति खंडेलवाल, पूर्व पार्षद नीरज अग्रवाल (राजा पार्क) शामिल रहे। सभी अतिथियों ने प्रीति सक्सेना के प्रयासों की भरपूर सराहना की और कहा कि उनके जैसे सेवाभावी व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

प्रीति सक्सेना ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, और जरूरतमंदों को जीवन देने से बड़ा कोई जन्मदिन नहीं। यह आयोजन न केवल मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण रहा, बल्कि समाज में जनजागरण और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कोटपूतली-बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी के प्रथम नवनियुक्त जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को कोटपूतली के डाबला रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में बड़े ही धूमधा से आयोजित किया गया । समारोह में बानसूर विधानसभा क्षेत्र से भीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ा, जिन्होंने इंद्राज गुर्जर को फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा। पूर्व उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, राजस्थान श्रमिक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक, प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव, कांग्रेस नेता मुकेश यादव, एडवोकेट विजय चौधरी, राजेश बागड़ी, हंसराज योगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भीम सिंह पटेल व नगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल आर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर इंद्राज गुर्जर को बधाई दी। पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि नए अध्यक्ष के साथ संगठन नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में जोश, उत्साह और एकजुटता का खास माहौल देखने को मिला तों वहीं श्रमिक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक ने कहा कि इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में कोटपूतली बहरोड़ जिला कांग्रेस कमेटी राजस्थान में सबसे अच्छा काम करेगी।

# पुरुषोत्तम आश्रम में 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए यज्ञध्वज स्थापना व भूमि पूजन हुआ



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** क़स्बा स्थित पुरुषोत्तम आश्रम में 21 जनवरी से शुरू होने वाले 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ की तैयारियां चरम पर हैं। शुक्रवार को आश्रम परिसर में महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज तथा बाहर से पधारे अनेक साधु-संतों की उपस्थिति में यज्ञाचार्य पं. दिनेश त्रिवेदी द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कर यज्ञध्वज की स्थापना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक श्रद्धा भाव से अनुष्ठान में भाग लिया। यज्ञाचार्य पं. दिनेश त्रिवेदी ने बताया कि यज्ञध्वज स्थापना यज्ञ की सफलता, पवित्रता और शुभता का प्रतीक मानी जाती है। यह अनुष्ठान देवताओं के आह्वान तथा यज्ञ स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यज्ञध्वज स्थापना से यज्ञ स्थल शुद्ध रहता है और इसमें भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ और मानसिक शांति प्राप्त होती है। यज्ञ की शुरुआत के लिए किए गए इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वैदिक मंत्रध्वनि, शंखनाद और साधू-संतों की उपस्थिति से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत नजर आया। आयोजन समिति के अनुसार 21 जनवरी से प्रारंभ होने वाले इस भव्य 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन हवन, भजन-कीर्तन, संत प्रवचन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। यह महायज्ञ कई दिनों तक चलेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। ध्वज स्थापना के साथ ही महायज्ञ की तैयारियों ने गति पकड़ ली है और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास, आस्था और आध्यात्मिक उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर ब्रह्म पीठाधीश्वर रामरतन देवाचार्य, महामंडलेश्वर भींवादास, महामंडलेश्वर बालेश्वर दास, महंत पूरण दास, आचार्य बलराम दास, महंत रामरतन दास, महंत तुलसीदास, श्योराम दास, महामंडलेश्वर रामसेवक दास, मक्खन दास, महंत पोखर दास, महंत रामदास, महंत जय बिहारी शरण दास, महंत कमल दास, महंत अशोक दास, रामलखन दास सहित बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिंचाई का पानी मांगने के लिय अन्नदाता आठ दिन से सर्द रात में बैठे हे धरने पर

स्मार्ट हलचल । टोंक

बीसलपुर परियोजना के अंतर्गत आने वाली दाखिया बांध की नहर में सिंचाई के लिय पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसानों द्वारा दिया जा रहा धरना शुक्रवार को 8 वें दिन भी यथावत जारी रहा।ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग द्वारा नहर में समय पर पानी नहीं छोड़ा जा रहा है जिससे रबी की फसलें सूखने के कगार पर हैं।किसान नेता भरतराज ने बताया कि सिंचाई विभाग ने 25 नवंबर को नहर में पानी छोड़ने की बात कही थी।जब कि 3 नवंबर को छोड़ा पानी 12 किलोमीटर लंबी नहर में 12 घंटे में पानी पहुंच जाना चाहिए था।लेकिन 50 घंटे गुजरने के बाद



भी पानी मात्र 8 किलोमीटर तक ही पहुंच पाया। किसानों का कहना है कि यह विभाग की लापरवाही है और जानबूझकर किसानों की फसलें बर्बाद की जा रही हैं।आउटलेट 8 नंबर तक नहर को गिला कर के दिखाया गया।

किसानों ने आरोप लगाया कि जिला कलेक्टर भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।उनका कहना है कि कलेक्टर की जवाबदेही सरकार के प्रति अधिक हैन कि किसानों के प्रति जिसके कारण ग्रामीणों की सुनवाई नहीं हो रही।किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि सिंचाई नीति के अनुसार पानी की आपूर्ति टेल से शुरू की जानी चाहिए।लेकिन विभाग इसके विपरीत कार्य कर रहा है।

टेल के किसानों का पानी चोरी किया जा रहा है जिसे विभाग रोकने में नाकाम रहा है।किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं दिया गया तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।किसान नेता भरत राज मीना ने बताया है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा जिला प्रशासन हस्तक्षेप कर किसानों की समस्या का तत्काल समाधान करवाए।धरने में शामिल रतनी,सीता,कजोड़ी,कपूर चंद माली,धनराज परोता,जगन्नाथ गुड्डू,स्वराज पारोता,रामप्यारी,फुला रतनी आदि मौजूद रही।

# सांसद जोशी ने केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की

|**चित्तौड़गढ़।** सांसद सीपी जोशी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित श्रम, रोजगार, खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री मनसुख भाई मांडविया से शिष्टाचार भेंट की।

भेंट के दौरान सांसद जोशी ने अपने संसदीय क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकासात्मक विषयों को दोनों केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा तथा इन पर विस्तार पूर्वक सकारात्मक चर्चा की। कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण, किसानों के हित, ग्रामीण विकास, युवाओं के लिए खेल अधोसंरचना तथा पंचायती राज से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से विमर्श हुआ।



# क्या आप भी सर्दियों में आग पर हाथ सेकते हैं? छोटी सी लापरवाही हो सकती है जानलेवा

सर्दियों के दिनों में आग जलाकर हाथ या शरीर सेकना ठंडी से राहत पाने का एक आम तरीका है। मगर इसके कुछ दुष्प्रभाव भी हैं और साथ कुछ सावधानियां बरतनी भी बहुत जरूरी है वरना छोटी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। हाल ही में कानपुर में घटी एक दुखद घटना इस खतरे की गंभीरता को उजागर किया है, जहां चार लोग कमरे में कोयला जलाकर सो गए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

यह घटना स्पष्ट रूप से दिखाती है कि बंद जगह पर आग या कोयला जलाना कितना खतरनाक हो सकता है। कोयला या लकड़ी जैसे कार्बनिक पदार्थ जब जलते हैं, तो वे कार्बन मोनोऑक्साइड नामक एक रंगहीन, गंधहीन और अत्यंत जहरीली गैस उत्पन्न करते हैं। यह गैस कमरे की ऑक्सीजन को तेजी से सोख लेती है, जिससे दम घुटने लगता है। इसके अलावा आग के बहुत करीब बैठना या सीधे ऊष्मा लेना आपकी त्वचा और श्वसन स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर नुकसान पैदा कर सकता है। इसलिए आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### कार्बन मोनोऑक्साइड का खतरा

कानपुर की घटना से हमें यह सबक लेना चाहिए कि बंद कमरा मौत का जाल बन सकता है। कोयला जलाने पर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बनती है, जो दबे पांव हवा में फैल जाती है। यह गैस हमारे खून में ऑक्सीजन की जगह ले लेती है, जिससे शरीर के अंगों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती और व्यक्ति सोए हुए ही दम घुटने से मर जाता है। बंद जगह पर बिना वेंटिलेशन के आग जलाना सबसे बड़ी जानलेवा लापरवाही है।

### त्वचा को नुकसान

आग से सीधे हाथ सेकने का सबसे पहला नुकसान त्वचा को होता है। तेज, सीधी गर्मी त्वचा की प्राकृतिक नमी और तेल (सीबम) को तुरंत खत्म कर देती है, जिससे त्वचा रूखी हो जाती है। लंबे समय तक ऐसा करने से त्वचा पर काले या जालीदार धब्बे पड़ सकते हैं, जिसे 'एरिथेमा एब इग्ने' या 'टोस्टेड स्किन सिंड्रोम' कहते हैं।

### श्वसन और हृदय स्वास्थ्य पर असर

खुले में या बंद जगह पर जलाए गए कोयले या लकड़ी से निकलने वाला धुआं श्वसन तंत्र के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। इसमें मौजूद पीएम2.5 के कण फेफड़ों में सूजन पैदा करते हैं और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सीओपीडी जैसी सांस की समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। यह हृदय पर भी अनावश्यक दबाव डालता है।

### जरूर बरतें ये सावधानियां-

- आग और हीटर इस्तेमाल करते समय ये सावधानियां जरूर बरती जानी चाहिए-
- कभी भी बंद कमरे या बिना वेंटिलेशन (हवा आने-जाने की जगह) वाले स्थान पर आग, कोयला या हीटर न जलाएं।
- अगर आप रूम हीटर का उपयोग कर रहे हैं, तो दम घुटने के खतरे से बचने के लिए खिड़की को थोड़ा खुला रखें।
- आग या हीटर सेकते समय हमेशा शरीर से उचित और सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि त्वचा को सीधे गर्मी से नुकसान न पहुंचे।
- आग सेकने के बजाय, शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़े, हीटिंग पैड या हर्बल चाय (गरम पेय) का सेवन करें।

# गंजेपन से पाना चाहते हैं छुटकारा तो आजमाएं ये टिप्स

आजकल कम उम्र में ही बाल झड़ने और गंजेपन की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे सभी लोग विशेषकर युवा परेशान हैं। हर दूसरे युवा के लिए यह एक एक गंभीर समस्या बन गयी है। खाने पीने मे लापरवाही और बदलते मौसम के चलते बाल झड़ने की समस्या आम बात है हालांकि फैशनेबल और स्टाइलिश लुक की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए यह परेशानी एक गंभीर समस्या हैं। अगर आप भी ऐसी ही किसी परेशानी से दो-चार हो रहे हैं और जल्द ही इसका उपाय चाहते हैं तो अदरक का ये नुस्खा आपकी मदद कर सकता है।

अगर आप बाल घने करने के लिए कई तेल और दवा खाकर देख चुके हैं तो इसे भी अदरक आजमा कर देखिए। जानिए इस नुस्खे को बनाने का तरीका ताकि आप भी कम बालों या गंजेपन के चलते शर्मिंदा होने से बचे रह सकें।

अदरक एक एंटी बैक्टीरियल औषधि माना जाता है। अदरक एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने की वजह से इसके प्राकृतिक गुण बालों को झड़ने से भी रोकते हैं। गंजेपन की समस्या से निजात पाने के लिए आप अदरक के रस को नींबू के रस में मिलाकर बालों में लगाएं। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ की समस्या भी दूर होगी और बाल झड़ने बंद हो जाएंगे।

बालों में अदरक लगाते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि इसके रस का एसिडिक नेचर का होने की वजह से ये आपके बालों में खारिश कर सकता है, इसलिए अदरक का जूस लगाने के बाद हमेशा अपने बालों को अच्छी तरह से धोना चाहिए।

# बच्चों-बुजुर्गों के लिए

## जानलेवा हो सकती है निमोनिया, बचे रहने के लिए जरूर करें ये उपाय

**सर्दियों का ये मौसम सेहत के लिए कई प्रकार की दिक्कतें बढ़ाने वाला माना जाता है। विशेषतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में खास सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। तापमान गिरने के साथ ही हवा में नमी बढ़ने लगती है जिससे वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में निमोनिया का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।**



निमोनिया फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो वायरस, बैक्टीरिया या फंगस किसी भी कारण से हो सकता है। इसके कारण तेज बुखार, खांसी, सांस लेने में दिक्कत और सीने में दर्द जैसी समस्याएं होती है। बुजुर्गों और पहले से ही सांस की समस्याओं के शिकार लोगों के लिए ये बीमारी खतरनाक और जानलेवा तक हो सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर साल 5 साल से कम उम्र के लगभग 7 लाख बच्चों की मौत निमोनिया से होती है। ठंड के मौसम में इस बीमारी का प्रकोप अधिक देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी माता-पिता को इन दिनों में बच्चों को निमोनिया से बचाने के उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।

### ठंड के दिनों में बढ़ जाता है निमोनिया का खतरा

हार्वर्ड मेडिसिन की रिपोर्ट से पता चलता है कि ठंड के दिनों में बच्चे घरों में अधिक समय बिताते हैं, जिससे संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा इस मौसम में धूप से मिलने वाले विटामिन डी की कमी, प्रदूषण और धुएं का संपर्क भी बच्चों के फेफड़ों को कमजोर बनाता है। खराब भोजन, गंदा पानी और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली जैसी स्थितियां निमोनिया संक्रमण को और भी आसान बना देती हैं।

### क्या कहते हैं श्वसन रोग विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ एन.आर.चौहान बताते हैं, ठंड के कारण निमोनिया नहीं होता, बल्कि यह मौसम ऐसी स्थितियां पैदा कर देता है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। हवा में बढ़ता सूखापन सांस की नली और फेफड़ों में जलन पैदा करती है, जिससे उनमें संक्रमण होने का जोखिम हो सकता है।

इसके अलावा लोग ठंड से बचाव के लिए घरों के अंदर रहते हैं, यहां एक व्यक्ति से दूसरे में संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है। इसके अलावा डायबिटीज, सीओपीडी और अस्थमा जैसे मरीजों के इस बीमारी से ग्रस्त होने का जोखिम अधिक हो सकता है।

निमोनिया वैसे तो किसी भी उम्र में हो सकता है, पर बच्चों और बुजुर्गों में इसका जोखिम सबसे अधिक देखा जाता रहा है। निमोनिया से बचे रहने के लिए कुछ उपाय जरूर किए जाने चाहिए।

### निमोनिया से बचाव के लिए लगवाएं वैक्सीन

निमोनिया से बचाव के टीका लगवाना सबसे अच्छे और प्रभावी तरीकों में से एक है। डॉक्टर की सलाह पर न्यूमोकोकल और इन्फ्लूएंजा वैक्सीन की मदद से संक्रमण की गंभीरता को कम करने में मदद मिलती है। जन्म के बाद समय पर सभी वैक्सीन लगवाना बच्चे की सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार मानी जाती है। इसके अलावा छोटे बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए ठंड से बचाना जरूरी है। बच्चे का शरीर गर्म रखें। बच्चे के हाथ बार-बार धोना, खिलौने साफ रखना और संक्रमित लोगों से दूरी बनाए रखना संक्रमण रोकने में मदद करता है।



### इन बातों का भी रखें ध्यान

डॉक्टर बताते हैं, निमोनिया से बचाव के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी माना जाता है। अच्छी तरह हाथ धोना, मास्क पहनना और फ्लू जैसी बीमारी वाले लोगों के संपर्क में आने से बचने के तरीके अपनाकर आप संक्रमण के खतरे को काफी कम कर सकते हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि मां का दूध 6 महीने तक बच्चे की प्रतिरक्षा को मजबूत रखता है। इसमें मौजूद इम्युनोग्लोबुलिन्स, एंटीबॉडी बच्चे को संक्रमण से बचाते हैं इसलिए नवजात बच्चों को मां का दूध ही दें। बड़े बच्चों को विटामिन सी, विटामिन डी और जिंक से भरपूर आहार देना चाहिए, जो फेफड़ों की मजबूती बढ़ाते हैं।

अगर किसी को कुछ दिनों से बलगम के साथ खांसी और बुखार की दिक्कत है, सांस की तकलीफ है जो सामान्य गतिविधियों को करते समय अधिक हो जाती है या फिर सीने में दर्द बना रहता है तो इस बारे में डॉक्टरी सलाह जरूर ले लें।

# आंखों से धुंधला दिखना हो सकता है किडनी फेलियर का संकेत, इन चार लक्षणों को न करें नजरअंदाज

किडनी और आंखें दोनों ही रक्त वाहिकाओं के जटिल जाल पर निर्भर करती हैं। जब किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो यह ब्लड प्रेशर को बढ़ा देती है, जिससे आंखों की सबसे संवेदनशील वाहिकाओं (खासकर रेटिना में) को नुकसान पहुंचता है, जिसे हाइपरटेंसिव रेटिनोपैथी कहते हैं।

इसलिए अगर आपको बिना किसी स्पष्ट कारण के धुंधला दिखना शुरू हो गया है, तो इसे नजरअंदाज न करें। यह सिर्फ आंखों की समस्या नहीं, बल्कि किडनी की गंभीर समस्या का अलार्म हो सकता है। समय पर इन लक्षणों को पहचानना और डॉक्टर से सलाह लेना किडनी फेलियर जैसे बड़े खतरे से बचा सकता है।

### आंखों से धुंधला दिखना और सूजन

किडनी डैमेज का एक प्रमुख अप्रत्यक्ष लक्षण आंखों से धुंधला दिखना है, जो हाई बीपी के कारण रेटिना में प्रभावित करता है। दूसरा संकेत आंखों के नीचे या चेहरे पर सूजन आना है। यह सूजन तब होती है जब किडनी प्रोटीन और तरल पदार्थ को ठीक से फिल्टर नहीं कर पाती और वे ऊतकों में जमा होने लगते हैं।

### लगातार खुजली और रूखी त्वचा

किडनी जब अपशिष्ट उत्पादों को रक्त से बाहर नहीं निकाल पाती, तो ये टॉक्सिन्स शरीर में जमा होने लगते हैं। इन टॉक्सिन्स के कारण त्वचा में गंभीर और लगातार खुजली महसूस हो सकती है। इसके साथ ही त्वचा बहुत रूखी या बेजान दिखने लगती है।

### नींद में समस्या

किडनी की कार्यक्षमता बिगड़ने पर खून में टॉक्सिन्स का जमाव बढ़ जाता है। इन टॉक्सिन्स के कारण स्लिप साइकल बाधित होती है। किडनी के मरीजों को अक्सर सोने में कठिनाई होती है या उन्हें रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोम (आरएलएस) का अनुभव होता है। यह एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जिसमें पैरों को हिलाने की एक तीव्र, अनियंत्रित इच्छा होती है, खासकर शाम या रात में जब आप बैठे या लेटे होते हैं।

### थकान और एकाग्रता में कमी

किडनी के ठीक से काम न करने पर शरीर में एनीमिया हो जाता है, क्योंकि किडनी पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं बनाने वाले हार्मोन (एरिथ्रोपोइटिन) का उत्पादन नहीं कर पाती। एनीमिया के कारण शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है, जिससे अत्यधिक थकान, कमजोरी और एकाग्रता में कमी महसूस होती है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।



**किडनी को अक्सर शरीर का फिल्टर कहा जाता है। अगर इसकी कार्यक्षमता में कोई भी कमी आती है तो इसका असर शरीर के अन्य अंगों पर देखने को मिलता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि आंखों से धुंधला दिखना या अन्य दृष्टि संबंधी समस्याएं भी किडनी डैमेज या क्रॉनिक किडनी डिजीज का एक शुरुआती संकेत हो सकती हैं।**

# क्या आपको चाय पीते ही होने लगती है एसिडिटी और गैस? डॉक्टर से जानें सुबह के चाय के नियम



भारत में चाय केवल एक पेय नहीं, बल्कि बहुत से लोगों के लिए इमोशन है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो रोज सुबह चाय पीना पसंद करते हैं। हालांकि विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि चाय या कॉफी पीने के गलत तरीके से पेट में एसिडिटी और एसिड रिफ्लक्स की समस्याएं तेजी से बढ़ सकती हैं। इसी विषय पर मशहूर डॉ. शालिनी सिंह सोलंकी ने इस समस्या का समाधान बताते हुए कुछ ऐसे सरल टिप्स साझा किए हैं, जिन्हें अपनाकर आप चाय का मजा भी ले सकते हैं और अपनी सेहत को नुकसान से बचा सकते हैं। डॉ. का कहना है कि समस्या चाय पीने में नहीं, बल्कि उसे पीने के समय और सामग्री में है। अगर आप अपनी चाय या कॉफी की आदत नहीं छोड़ना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ये टिप्स विशेष रूप से आपके पेट के एसिड उत्पादन, स्ट्रेस हार्मोन के स्तर और पोषक तत्वों के अवशोषण को नियंत्रित करने में मदद करेंगे। इन सुझावों का पालन करके आप रोज सुबह चाय भी पी सकते हैं और आपके सेहत को भी कोई नुकसान नहीं होगा।

### जागने के 45 मिनट बाद ही पीएं चाय

सुबह उठते ही चाय पीने से बचें। डॉ. सोलंकी के अनुसार आपको जागने के कम से कम 45 मिनट बाद ही चाय पीनी चाहिए। ऐसा करने से शरीर में कोर्टिसोल (जो एक स्ट्रेस हार्मोन है) का स्तर नियंत्रित रहता है। कोर्टिसोल का स्तर नियंत्रित रहने से मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है और हृदय का स्वास्थ्य भी स्वस्थ बना रहता है।

### दूध की मात्रा 100 मिलीलीटर से कम रखें

डॉ. सोलंकी के मुताबिक अपनी सुबह की चाय में दूध की मात्रा 100 मिलीलीटर से अधिक नहीं रखनी चाहिए। चाय में पॉलीफेनॉल नामक स्वास्थ्यवर्धक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। दूध में मौजूद प्रोटीन इन पॉलीफेनॉल से बंध जाते हैं, जिससे शरीर पॉलीफेनॉल का अवशोषण ठीक से नहीं कर पाता और चाय के एंटीऑक्सीडेंट गुण कम हो जाते हैं।

### खाली पेट पीने से बचें

खाली पेट चाय पीने से पूरी तरह बचें। चाय पीने से पहले कुछ हल्का खा लेना बहुत जरूरी है। खाली पेट चाय पीने से पेट में एसिड का स्राव तेजी से होता है, जिससे एसिडिटी बढ़ जाती है। आप चाय से पहले नट्स (मेवे), सीड्स (बीज) या कोई अन्य हेल्दी चीज खा सकते हैं।

### चीनी की जगह इलाइची या दालचीनी का उपयोग करें

चाय में रिफाइंड चीनी का उपयोग करने के बजाय इलाइची या दालचीनी का उपयोग करें। चीनी वाला चाय पीने से ब्लड शुगर का स्तर तेजी से बढ़ता है, जिसे शुगर स्पाइक कहते हैं। इलायची और दालचीनी न केवल स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि मेटाबॉलिज्म को भी अच्छा रखते हैं और शुगर स्पाइक को नियंत्रित करते हैं।

### दिन में 2 कप से अधिक चाय न पीएं

सबसे महत्वपूर्ण नियम यह है कि आप कभी भी 2 कप से अधिक चाय न पीएं। अत्यधिक कैफीन का सेवन नींद के पैटर्न को बाधित कर सकता है और पूरे दिन एसिडिटी का स्तर बढ़ा सकता है। मात्रा को सीमित रखकर ही आप चाय के नकारात्मक प्रभावों से बच सकते हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com